डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com


PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक


PG-8

सिनेमाः-कटरीना कैफ पर चढ़ा 'हैलोवीन' का नशा

वर्ष -08 अंक -205 | प्रयागराज, बुधवार, 02 नवंबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### हैलोवीन आउटफिट में कुछ ऐसे नजर आए ट्विटर के सीईओ एलन मस्क

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ट्विटर के बॉस, नए सीईओ और प्रमोटर एलन मस्क अपने बयानों और हरकतों को लेकर हमेशा लाइमलाइट में रहते है। कुछ दिनों पहले एलन ट्विटर हेडक्वाटर में सिंक लेकर पहुंचे थे जिसके बाद सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई थी। एक बार फिर से एलन सोशल मीडिया पर छा गए है। हैलोवीन अवतार में ऐसे दिखे एलन मस्क बता दें कि 31 अक्टूबर को हैलोवीन डे था और इस दिन एलन कुछ अलग ही अवतार में नजर आए। एलन ने आज ट्विटर पर एक तस्वीर शेयर की है जिसमें वह हैलोवीन आउटफिट पहने नजर आ रहे हैं। हालांकि, एलन ने ये खुलासा नहीं किया कि उन्होंने किसका अवतार धारण किया है। उनके आउटफिट को देखकर इंटरनेट यूजर्स भी काफी असमंजस में आ गए है। कई ट्विटर यूजर्स एलन के इस अवतार को समझ ही नहीं पा रहे है।हैलोवीन में एलन ने किसका अवतार धारण किया ये इंटरनेट यूजर्स को समझ ही नहीं आ रहा है। कोई एलन की तस्वीर को देखकर उन्हें सुपरहीरो कह रहा है तो कोई उन्हें मार्वल और डीसी सुपरहीरों का नाम दे रहे है। ट्विटर पर शेयर की गई तस्वीर में एलन मस्क अपनी मां मेय मस्क के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे है। हैलीवीन अवतार में तैयार एलन मस्क ने तस्वीर साझा कर कैप्शन में लिखा है मेरी माँ के साथ हैलोवीन। एलन ने ट्विटर पर तीन तस्वीर शेयर की जिसमे से एक में वह अपनी मां के साथ नजर आ रहे है वहीं दूसरी तस्वीर में वे हैलोवीन आउटफिट में सिंगल पोज दे रहे है। तीसरी तस्वीर में एलन मस्क ने अपने कुत्ते को ट्वीटर का शर्ट पहना रखा है।

## मोरबी पुल हादसे में सुनवाई के लिए तैयार सुप्रीम कोर्ट, दुर्घटना समीक्षा बैठक के बाद आज पीएम का दौरा



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गांधीनगर।** मोरबी जिले में माच्छू नदी पर बना केबल ब्रिज हादसे में अबतक 135 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। खोज और बचाव का काम अभी भी जारी है। वहीं यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शीर्ष अदालत में इसको लेकर एक याचिका दायर की गई है। जिसके बाद अब इस मामले में 14 नवंबर को सुनवाई करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार देर रात गांधीनगर राजभवन में मोरबी पुल हादसे को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में पीएम ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी और आला अधिकारियों से हादसे की जानकारी ली और लोगों की पूरी मदद करने के निर्देश दिए। बैठक में दो नवंबर को प्रदेश में राजकीय शोक रखने का फैसला किया गया। पीएम मोदी आज दोपहर मोरबी पीड़ित परिवारों से मिलने जाएंगे।

### सिख विरोधी दंगे और आपरेशन ब्लू स्टार की फाइल सार्वजनिक करने की मांग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर आपरेशन ब्लू स्टार और 1984 के सिख विरोधी दंगे से जुड़ी फाइलें सार्वजनिक करने की मांग की है। चार जांच कमीशन, नौ कमेटी और दो एसआइटी के गठन के बावजूद दंगा पीड़ितों को न्याय नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए सिंह ने सच्चाई को सामने लाने के लिए एक आयोग के गठन को भी जरूरी बताया है। रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (आरएडब्ल्यू-रा) के पूर्व अधिकारी जीबीएस संधु की पुस्तक 'द खालिस्तान कांस्पिरेसी' का हवाला देते हुए सिंह ने कहा है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के विरोध में सिख दंगे फैलना सच्चाई से परे हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों को दी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों के स्थापना दिवस पर बधाई दी है। राष्ट्रपति भवन ने ट्वीट कर कहा कि आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, लक्षद्वीप और पुडुचेरी के लोगों को उनके स्थापना दिवस पर बधाई। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निवासियों की प्रगति और समृद्धि के लिए मेरी ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं। बता दें कि आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, लक्षद्वीप और पुडुचेरी आज अपना स्थापना दिवस मना रहे हैं। आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और केरल 1956 में अस्तित्व में आए जबकि हरियाणा 1966 में और छत्तीसगढ़ 2000 में मध्य प्रदेश से बना था। केरल का गठन 1 नवंबर, 1956 को त्रावणकोर, कोचीन और मालाबार को मिलाकर किया गया था। 1 नवंबर 1956 को हैदराबाद के सभी तेलुगु भाषी क्षेत्रों को एक साथ लाकर आंध्र प्रदेश का गठन किया गया था। कर्नाटक राज्य पुनर्गठन अधिनियम के पारित होने के बाद 1 नवंबर, 1956 को कर्नाटक राज्योत्सव दिवस पर स्थापित किया गया था। कर्नाटक का गठन तब हुआ जब भारत के सभी कन्नड़ भाषी क्षेत्रों को मिलाकर एक राज्य बनाया गया। हालांकि, 1 नवंबर, 1973 को राज्य का नाम बदलकर कर्नाटक करना पड़ा। इसे मूल रूप से मैसूर राज्य के नाम से जाना जाता था। मध्य प्रदेश राज्य का गठन तत्कालीन केंद्रीय प्रांत सीपी और बरार, मध्य भारत, विंध्य प्रदेश और भोपाल को मिलाकर किया गया था। 1 नवंबर 2000 से छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। पहले छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश का एक हिस्सा था। इस दिन, 1966 में हरियाणा राज्य को पंजाब से अलग किया गया था, जबकि पंजाब पुनर्गठन अधिनियम (1966) के तहत राज्य के गठन को चिह्नित करते हुए 1 नवंबर को पंजाब दिवस भी पूरे राज्य में मनाया जाता है। 1956 में भारतीय राज्यों के पुनर्गठन के दौरान, लक्षद्वीप द्वीपों को मालाबार जिले से अलग कर दिया गया और प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए एक अलग केंद्र शासित प्रदेश में संगठित किया गया। पुडुचेरी के गठन को हर साल 1 नवंबर को मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह पुडुचेरी के फ्रांसीसी औपनिवेशिक शासन से भारत में स्थानांतरण की याद दिलाता है।



## 52 साबुनदानी में रखा 676 ग्राम हेरोइन जब्त, पड़ोसी राज्य से आ रहे वाहन पर करीमगंज पुलिस ने की छापेमारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**करीमगंज।** असम में मंगलवार को तस्करी का एक मामला सामने आया है। दरअसल पड़ोसी राज्य से असम के करीमगंज में आए एक वाहन को पुलिस ने पकड़ लिया और इसमें से हेरोइन जब्त किए हैं। वैसे तो तस्करों ने बड़ी चालाकी से वाहन के भीतर हेरोइन को छिपाया था ताकि पुलिस को संदेह न हो, लेकिन करीमगंज पुलिस ने इसका भंडाफोड़ कर दिया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को बताया, 'पड़ोसी राज्य से आ रहे वाहन को रास्ते में पुलिस ने रोक लिया और उसमें से 676 ग्राम हेरोइन जब्त किया। तस्करों ने इसे बड़ी चालाकी से 52 साबुनदानी में छिपाया था।ये सभी साबुनदानी वाहन के साउंड बाक्स के भीतर बेबी वाइप्स में बड़ी ही सावधानी से पैक किए गए थे।



## देश में लगातार तीसरे दिन कम हुए कोरोना के मामले, 24 घंटे में लगभग 1 हजार केस दर्ज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामले लगातार कम हो रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के मामलों के साथ ही देश में एक्टिव केस में लगातार कमी हो रही है। मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना से एक हजार से ज्यादा लोग ठीक हुए हैं। इसके



1,046 मामले सामने आए हैं। वहीं, इस दौरान कोरोना से चार लोगों की मौत भी हुई है। मृतक दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक और राजस्थान के थे। बता दें कि ये लगातार तीसरा दिन है जब कोरोना के मामलों में कमी आई है। देश में 30 अक्टूबर को कोरोना वायरस के 1,604 मामले सामने आए थे, जबकि 31 अक्टूबर को 1326 मामले दर्ज किए गए। कोरोना के साथ ही एक्टिव मामले घटकर अब 17,618 हो गए हैं। एक्टिव केस- 0.04 फीसद रिकवरी दर- 98.78 फीसद देश में कोरोना के अब तक कुल 4 करोड़ 46 लाख 54 हजार 638 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, 4 करोड़ 41 लाख 7 हजार 943 लोग ठीक हो चुके हैं। इसके अलावा 5 लाख 29 हजार 77 लोगों की महामारी से जान भी जा चुकी है।

## शिलांग में लगाई गई धारा 144 प्रोटेस्ट रैली के दौरान यात्रियों पर हमले और वाहनों पर हुई थी तोड़फोड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शिलांग।** मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में 28 अक्टूबर को एक प्रोटेस्ट रैली के दौरान यात्रियों पर हमले और वाहनों की तोड़फोड़ की घटना सामने आई थी। इस घटना को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया। वहीं, अब पूर्वी खासी हिल्स जिले में शिलांग अपर एग्लोमरेशन क्षेत्र सहित पूरे शहर की सीमा में धारा 144 सीआरपीसी लगाई गई है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि शिलांग शहरी समूह क्षेत्र सहित पूरे शिलांग शहर की सीमा के भीतर किसी भी रैली या जुलूस के उद्देश्य से 5 या अधिक लोगों की सभा और आंदोलन पर पाबंदी है। सार्वजनिक व्यवस्था होती है बाधित इस आदेश का उद्देश्य किसी भी गैर सरकारी संगठन/समूह या अवांछित तत्वों को ऐसी रैलियों/जुलूसों का खुलेआम दुरुपयोग करने से रोकने के लिए आपराधिक कृत्यों में शामिल होने से रोकना है, जिससे सार्वजनिक व्यवस्था बाधित होती है। ऐसे किसी भी अन्य कार्य जो बड़े पैमाने पर जनता को गंभीर असुविधा का कारण बनते हैं। उन सब चीजों की मनाही है।बता दें कि इख्व्इझ् द्वारा बुलाई गई बेरोजगारी को लेकर शुक्रवार की रैली के दौरान कई लोगों पर हमला किया गया और वाहनों में तोड़फोड़ की गई थी। धारा 144 का आदेश तब जारी किया गया, जब यह पता चला कि अन्य गैर सरकारी संगठन और समूह भी शिलांग शहर की सीमा के भीतर 'अचानक रैलियों जैसे समान कार्यक्रमों की योजना बना रहे हैं।



## मप्र के मंत्री भी संभालेंगे गुजरात चुनाव में प्रचार और प्रबंधन का मोर्चा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**भोपाल।** गुजरात विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश के कई मंत्री चुनाव प्रचार और प्रबंधन का मोर्चा संभालेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी भाजपा चुनाव प्रचार के लिए उतारेगी। इसके अलावा गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग सहित मालवांचल के सभी मंत्रियों को गुजरात में कुछ विधानसभा क्षेत्र या जिलों की जिम्मेदारी दी जा रही है। इससे पहले भाजपा ने प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती के नेतृत्व में संगठन ने 90 नेताओं की तैनाती गुजरात के सीमावर्ती इलाके में की है। इनमें पूर्व सांसद, पूर्व विधायक सहित कुछ पूर्व संगठन मंत्री हैं। इसी तरह कांग्रेस के केंद्रीय संगठन की ओर से भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी से कुछ विधायक और वरिष्ठ पदाधिकारियों को मध्य प्रदेश से लगे हुए क्षेत्रों में चुनाव प्रबंधन के लिए भेजने का आग्रह किया है। पिछले चुनाव में पूर्व मंत्री जीतू पटवारी, उमंग सिंघार,कुणाल चौधरी सहित झाबुआ, आलीराजपुर सहत अन्य क्षेत्रों से नेताओं को गुजरात भेजा गया था। गौरतलब है कि गुजरात के छह जिलों की 37 विधानसभा सीटें मध्य प्रदेश से लगी हुई हैं। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डा नरोत्तम मिश्रा और विश्वास सारंग एक बार गुजरात का दौरा करके आ चुके हैं। डा. मिश्रा को बनासकाठा की नौ विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, अब मंत्री भूपेंद्र सिंह, मोहन यादव, इंदर सिंह परमार, अरविंद भदौरिया, राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, जगदीश देवड़ा सहित अन्य नेताओं को भेजा जा रहा है। गुजरात को भाजपा ने चुनावी तैयारी के हिसाब से चार जोन में बांटा है। इनमें दक्षिण गुजरात, उत्तर गुजरात, मध्य गुजरात और सौराष्ट्र के विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। सौराष्ट्र में मप्र से दो प्रभारी बनाए गए हैं। इसमें एक जीतू जिराती हैं, जिन्हें चुनाव लड़ने से लेकर प्रबंधन का बेहतर अनुभव है। वहीं, पूर्व संगठन मंत्री श्याम महाजन को संगठन का काम सौंपा है। इनके साथ सात जिलों में दो-दो प्रभारी बनाए गए हैं और हर विधानसभा क्षेत्र के लिए भी दो-दो कार्यकर्ताओं को तैनात किया है। गुजरात के संगठन महामंत्री रत्नाकर के साथ कार्यकर्ताओं ने चुनावी मोर्चा संभाल लिया है। मप्र के झाबुआ और आलीराजपुर से गुजरात के सात जिले दाहौद खेड़ा, महिसागर, पंचमहल, बढ़ौदा ग्रामीण, बढ़ौदा नगर और आणंद जिले लगे हुए हैं। इन क्षेत्रों में मध्य प्रदेश से ऐसे कार्यकर्ता भेजे हैं, जिनका वहां प्रभाव या अच्छा संपर्क है। फिलहाल यह कार्यकर्ता वहां संगठनात्मक कार्यों में सहायता के साथ चुनावी जमावट को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। अब गुजरात के लिए मंत्रियों की तैनाती की गई है। मप्र से आए भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने प्रभार के विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केंद्र तक पहुंच गए हैं। यहां पांच बूथों पर एक शक्ति केंद्र बनाए गए हैं। प्रवासी कार्यकर्ता यहां स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ सहयोगी की भूमिका अदा कर रहे हैं। मप्र के मंत्रियों को केंद्रीय नेतृत्व ने अलग से जिम्मेदारी सौंपी है।



## शोपियां से जम्मू पहुंचे 13 कश्मीरी हिंदू परिवार चाहते हैं विस्थापित का दर्जा, बोले वापस कश्मीर नहीं जाएंगे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जम्मू ।** कश्मीर के शोपियां में करीब 15 दिन पूर्व एक कश्मीरी हिंदू की हत्या के बाद जम्मू पहुंचे 13 कश्मीरी हिंदू परिवारों ने उन्हें बतौर विस्थापित कश्मीरी हिंदू पंजीकृत करने की मांग की है। इन परिवारों में 10 चौधरीगुंड के रहने वाले हैं जो दीवाली से एक दो दिन पहले जम्मू पहुंचे थे। तीन अन्य परिवार इनसे पहले ही आ चुके थे। चौधरीगुंड में ही 15 अक्टूबर को आतंकियों ने कश्मीरी हिंदू पूर्ण कृष्ण भट्ट की हत्या की थी। जम्मू पहुंचे शोपियां के इन 13 परिवारों के एक सदस्य वीजे कौल ने कहा कि हमने राहत एवं पुनर्वास आयुक्त जम्मू के कार्यालय में विस्थापित पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। हम लोगों को आतंकियों के डर से अपना सबकुछ छोड़कर आना पड़ा है। हमने 32 वर्ष तक सबकुछ सहा है। इस दौरान हमें कई बार धमकियां मिली, लेकिन हम वहां अपने मुस्लिम भाइयों के साथ डटे रहे। अब स्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। कौल ने बताया कि पूर्ण कृष्ण भट्ट की हत्या से पहले हमारे गांव में प्राइमरी स्कूल पर भी आतंकियों ने हमला किया था। उस समय वहां अल्पसंख्यक समुदाय के तीन अध्यापक नहीं थे इसलिए वह बच गए। उसी दिन इंटरनेट मीडिया पर जिहादी संगठन ने एक पत्र वायरल कर सभी कश्मीरी हिंदुओं को कश्मीर छोड़ने का फरमान भी दिया था। हमने अपने पंजीकरण आवेदन में भी इसका उल्लेख किया है। वीजे कौल ने कहा कि हम अब वहां नहीं जाएंगे, जम्मू में ही रहेंगे। हमने कश्मीर में तिरंगा ऊंचा रखने के लिए अपना सबकुछ दांव पर लगाया है। आतंकियों द्वारा मौत के घाट उतारे गए पूर्ण कृष्ण भट्ट के भाई अश्विनी कुमार भट्ट ने कहा कि हम कैसे वापस जाएं, वहां हमारे लिए मौत है। हम नहीं जाएंगे।




## तेलंगाना के मंत्री के टी रामा राव ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तंज कसा है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नेता राहुल गांधी, जो अमेठी में अपनी संसद की सीट भी नहीं जीत सकते, तेलंगाना के सीएम केसीआर की राष्ट्रीय पार्टी की महत्वाकांक्षा का उपहास करते हैं। प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रखते हैं राहुल गांधी केटीआर ने कहा कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रखते हैं। उन्हें पहले अपने लोगों को सांसद के रूप में चुनने के लिए राजी करना चाहिए।दरअसल, राहुल गांधी ने तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा था कि टीआरएस और कांग्रेस के बीच किसी भी तरह का संबंध होने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री को ऐसा लगता है कि वह राष्ट्रीय पार्टी का नेतृत्व नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुलग्गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मंगलवार को हैदराबाद में प्रवेश कर गई। यात्रा ने नारायणपेट, महबूबनगर और रंगारेड्डी जिलों को कवर करने के बाद तेलंगाना में सातवें दिन हैदराबाद में प्रवेश किया। केटीआर तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री हैं। वे भाजपा भी हमला बोलते रहते हैं। हाल ही में, उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह पर तंज कसते हुए कहा था कि पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने राज्य के लोगों को भारतीय संघ के साथ एकजुट और एकीकृत किया था, लेकिन भाजपा लोगों को विभाजित और धमकाने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को विभाजनकारी राजनीति की नहीं, बल्कि निर्णायक नीतियों की जरूरत है।



# जिलाधिकारी ने डेंगू की रोकथाम एवं उपचार के सम्बंध में की जा रही कार्रवाईयों की समीक्षा की

## जिलाधिकारी ने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर फागिंग, एण्टी लार्वा का छिड़काव कराये जाने के दिए निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** सभी उपजिलाधिकारी एवं अपर नगर मजिस्टेट्रटों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर साफ-सफाई की चाक-चैबंद व्यवस्था बनाये रखने के दिए निर्देश नर्सिंगहोम आवश्यकता के अनुरूप




ही प्लेटलेट्स की करें मांग जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने सोमवार को संगम सभागार में डेंगू की रोकथाम एवं उपचार के सम्बंध में बैठक कर जिला विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुए जिन क्षेत्रों में बुखार से ज्यादा लोग प्रभावित हो, उन क्षेत्रों की लिस्ट तैयार कर शाम तक उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर फागिंग, एण्टी लार्वा का छिड़काव नियमित रूप से कराने एवं जहां पर ज्यादा संख्या में लोग बुखार से पीड़ित हो, वहां पर विशेष रूप से छिड़काव कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा है कि जिन क्षेत्रों में बुखार से ज्यादा लोग पीड़ित हो, उन क्षेत्रों में पैरासिटामाल दवा का वितरण कराये जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में नगर निगम को युद्ध स्तर पर फागिंग एवं एण्टी लार्वा का छिड़काव नियमित रूप से कराते रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने अस्पतालों में बेड़ की कोई कमी न होने पाये, इसकी भी मुकम्मल व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए है। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी एवं अपर नगर मजिस्टेट्रटों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर साफ-सफाई की चाक-चैबंद व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने संगम सभागार में नर्सिंगहोमों के साथ बैठक करते हुए कहा कि अस्पतालों के द्वारा प्लेटलेट्स की मांग आवश्यकतानुसार ही की जाये। उन्होंने कहा कि प्लेटलेट्स की मांग करते समय अस्पताल में भर्ती डेंगू के मरीजों के प्लेटलेट्स की संख्या का अवश्य उल्लेख किया जाये। यदि किसी अस्पताल में डेंगू का कोई गम्भीर मरीज भर्ती हो तथा उसको प्लेटलेट्स की अधिक आवश्यकता हो, तो डिमांड में उसका विशेष रूप से उल्लेख किया जाये। उन्होंने नर्सिंग होमों के संचालकों से कहा कि वे सभी अपने अस्पतालों में डेंगू से बचाव एवं डेंगू के लक्षणों के बारे में जन-जागरूकता के लिए डेंगू से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें इसका बैनर/पोस्टर अवश्य लगवायें, जिससे कि डेंगू के बारे में लोगो को जानकारी हो सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी श्री नानक सरन, अपर जिलाधिकारी, सिटी मजिस्टेट्रट, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, नर्सिंग होमों के पदाधिकारीगण सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संगम नगरी प्रयागराज पहुंची गंगा पुस्तक परिक्रमा

## जिलाधिकारी ने कलेक्टेट्रट परिसर में सचल पुस्तक प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारम्भ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने कलेक्टेट्रट परिसर में सचल पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। उन्होंने पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन



किया और मां गंगा के महत्व के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाने की इस अनूठी पहल की सराहना की। यह प्रदर्शनी 31 अक्टूबर से 02 नवंबर तक प्रयागराज के विभिन्न विद्यालयों, विश्वविद्यालयों व अन्य महत्त्वपूर्ण स्थानों का दौरा करेगी। सभी को पढ़ने के लिए पुस्तकों का खजाना उपलब्ध करवाने के अतिरिक्त छात्रों और युवाओं को हमारे जीवन पर मां गंगा के सांस्कृतिक और पर्यावरणीय पहलुओं के बारे में भी जागरूक करेगी। देश में मां गंगा के सांस्कृतिक महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए न्यास पर्यावरणविदों, आध्यात्मिक विभूतियों और शिक्षाविदों को भी आमंत्रित कर इस यात्रा में जोड़ रहा है जिससे लोगों में अपनी इस पवित्र नदी के संमृद्ध इतिहास के सम्बन्ध में अधिकाधिक जागृति हो। गंगा पुस्तक प्रदर्शनी प्रयागराज से आगे बढ़कर मिर्जापुर, वाराणसी, छपरा, पटना, बेगूसराय, सुल्तानगंज, भागलपुर, साहिबगंज, बहरामपुर, कोलकाता से होकर 22 दिसंबर, 2022 को हल्दिया में अपनी यात्रा समाप्त करेगी। इस पुस्तक प्रदर्शनी में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत और उर्दू में विभिन्न आयु वर्ग हेतु पुस्तकों के अलावा मां गंगा और भारतीय नदियों और जल निकायों के आस पास विकसित पारिस्थितिकी तंत्र पर पुस्तकें प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। गंगा पुस्तक परिक्रमा किताबों की दुनिया के माध्यम से गंगा की साहित्यिक विरासत से जुड़ने की इच्छा रखने वाले हर व्यक्ति के लिए आकर्षण के केंद्र है।

# जिन पेंशनरों का जीवित प्रमाणपत्र नवम्ब दिसम्बर में जमा होना अपेक्षित है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** मुख्य कोषाधिकारी श्री शिवेन्द्र सिंह ने बताया है कि कलेक्ट्रेट कोषागार के समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि यद्यपि अब जीवित प्रमाण पत्र (थ्/अथ्) पूरे वर्ष भर किसी भी कार्यदिवस में प्रस्तुत/प्रेषित किये जाने की व्यवस्था है, जो कि आगे 01 वर्ष के लिए मान्य रहता है तथापि जिन पेंशनरों का जीवित प्रमाण-पत्र नवम्बर/दिसम्बर 2022 में जमा हरुना अपेक्षित है, वे दिनांक 01 नवम्बर से 20 दिसम्बर 2022 तक प्रत्येक कार्यदिवस में पूर्वान्ह 10ः00 बजे से अपरान्ह 2ः00 बजे तक क□षागार भवन के सम्मुख प्रांगण में बाएँ से दाएँ क्रमांकित संबंधित प्राप्ति-पटल पर जमा कर सकते हैं। पेंशनरों की सुविधा के दृष्टिगत पेंशनरों से वार्षिक जीवित प्रमाण पत्र प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है, जिसके अन्तर्गत पटल संख्या-1 पर समस्त दिव्यांग/अशक्त पेंशनर, पटल संख्या-2 पर महिला पेंशनर, पटल संख्या-3 खिड़की संख्या-1 पर बेसिक शिक्षा पेंशनर, पटल संख्या-4 खिड़की संख्या-2 पर माध्यमिक शिक्षा पेंशनर, पटल संख्या-5 खिड़की संख्या-3 पर उच्च शिक्षा पेंशनर, पटल संख्या-6/खिड़की संख्या-4 पर सिविल पेंशनर, पटल संख्या-7/खिड़की संख्या-5 पर सिविल पेंशनर, पटल संख्या-8/खिड़की संख्या-6 पर सिविल पेंशनर, पटल संख्या-9 पर अन्य राज्य/रेलवे/राजनैतिक पेंशनर, पटल संख्या-10 पर पुलिस विभाग, पटल संख्या-11 पर विद्युत विभाग, पटल संख्या-12 पर विधायक पेंशन/न्यायिक सेवा/अखिल भारतीय सेवा के पेंशनर अपना जीवित प्रमाणपत्र जमा कर सकते है। पेंशनर के पहचान हेतु निम्न अभिलेखों में से कोई एक अभिलेख लाया जाना आवश्यक है यथा कोषागार द्वारा निर्गत पेंशनर परिचय पत्र/फोटोयुक्त पेंशन भुगतान आदेश/आधार कार्ड/वोटर आईडी कार्ड/बैंक पासबुक जिसमें प्रबन्धक द्वारा प्रमाणित फोटोग्राफ लगी हो। नये पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर जिनकी पेंशन प्रारम्भ हुए साल भर नही हुआ है, उनको जीवित प्रमाण पत्र साल बीतने के बाद जिस माह पेंशन प्रारम्भ हुई है, उसी माह में जीवित प्रमाण पत्र जमा करना होगा। मानसिक रूप से विक्षिप्त व गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त, चलने फिरने में असमर्थ पेंशनरों को, भीड़ से बचने के लिए अपरान्ह तीन बजे के उपरान्त आने की सलाह दी जाती है। ऐसे असमर्थ पेंशनरों को मुख्य कोषाधिकारी, प्रयागराज को सम्बोधित प्रार्थना पत्र (जिसमें उनका पता व मोबाइल नम्बर भी अवश्य दर्ज हो) के आधार पर उनके घर जाकर देखने की भी व्यवस्था है। पेंशनर उत्तर प्रदेश में स्थित उस बैंक के शाखा प्रबंधक को भी जीवित प्रमाण पत्र दे सकते है जिसमें उनका पेंशन खाता है, इसी क्रम में प्रदेश के बाहर निवास करने वाले पेंशनर अपने रहने के स्थान पर स्थित उस बैंक में, जहाँ उनका पेंशन खाता खुला हो, शाखा प्रबंधक से प्रमाणित करा कर मूल बैंक शाखा, जहाँ उनकी पेंशन आहरित कर कोषागार द्वारा भेजी जाती है, के माध्यम से अथवा सीधे स्पीडपस्ट से कोषागार को उपलब्ध करा सकते है। इसी प्रकार विदेश में रहने वाले पेंशनर भारतीय दूतावास के माध्यम से कोषागार को जीवित प्रमाण पत्र उपलब्ध करा सकते हैं।

# बोरिंग पाईप निकालने के दौरान मिट्टी का टीला धंसा, मजदूर की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** बोरिंग पाईप निकालने के दौरान मिट्टी का टीला धंसने से एक मज़दूर की मौत हो गयी। फायर ब्रिगेड व मेजा पुलिस ने जेसीबी के माध्यम से मिट्टी हटा कर एक दिन बाद सोमवार को उसका शव बाहर निकाला। घटना मेजा थाना क्षेत्र के पकरी सेवार की है। रविवार को गांव के एक व्यक्ति ने बोरिंग का काम शुरू कराया था। मौके पर बिगहनी गांव निवासी अखिलेश, गोपाल, दुर्गा, दिलीप काम कर रहे थे। खुदाई के दौरान मिट्टी धंसनें से गोपाल व उसके साथी दब गऐ। काम कर रहे लोगों की मदद से गोपाल के साथी को तो निकाल लिया गया।लेकिन वह मिट्टी मे ही धंसा रह गया। उसका शव घटना के दूसरे दिन सोमवार को फायर ब्रिगेड व मेजा पुलिस ने जेसीबी से गड्ढा खोदकर निकाला गया।



# पूर्व बाहुबली सांसद अतीक़ अहमद के बयान पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह का पलटवार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** योगी की तारीफ भय की वजह से कर रहे रहे है अतीक़ अहमद तारीफ करने से कार्यवाही पर कोई असर नही कार्यवाही होती रहेगी अतीक़ अहमद और उनकी पत्नी ने मुख्यमंत्री की किया था तारीफ बहादुर और ईमानदार बताया था झलवा में एक कैफ़े का उद्घाटन करने पहुचे थे सिद्धार्थ नाथ।



# बॉलीवुड सिलेब्रिटी अमन वर्मा के द्वारा नैशनल गोल्डन बेस्ट अचीवमेंट अवार्ड देकर नेहा कश्यप को सम्मानित किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** एक बार फिर बाँदा की होनहार बेटी नेहा कश्यप ने बाँदा का नाम रोशन किया ।बीते 30 को एस. के अकैडमी आर्ट सोसाइटी समीर खान द्वारा झाँसी में मिस्टर एंड मिस इंडिया किंग एंड क्वीन ओफ़



द ईयर 2022 का शो आयोजित किया गया जिसमें बॉलीवुड सिलेब्रिटी अमन वर्मा ने नेहा कश्यप को नैशनल गोल्डन बेस्ट अचिफ़मेंट अवार्ड देकर सम्मान किया और नेहा को बहुत बदाई दी हम बता दे नेहा कश्यप सेंट मेरी ज्योति नगर की रहने वाली है नेहा को ऐसे कई सम्मान बॉलीवुड अभिनेताओ के द्वारा प्राप्त हो चुके है नेहा कश्यप मॉडल एवम् अभिनेत्री एक अपना नया मुक़ाम हासिल कर रही है जिससे बाँदा का नाम हर जगह जाना जा रहा है बॉलीवुड सिलेब्रिटी अमन वर्मा ने भी नेहा की बेहत सराहना की नेहा को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी,नेहा कश्यप ने अवार्ड के साथ साथ मंच में सभी मॉडल के साथ स्पेशल वॉक करके अपनी वॉक से जलवे बिखेर दिए ।शो में बॉलीवुड सिलेब्रिटी अमन वर्मा के साथ साथ बहुत से सिलेब्रिटी उपस्थित रहे । मिस बुंदेलखंड नेहा कश्यप ऐसे कई अवार्ड अपने नाम कर चुकी है बहुत जल्द नेहा एक अलग अंदाज़ में दिखाई देंगी इनको बहुत सी जगह इन्वाइट किया गया है कही जज्मेंट के लिए तो कही जुरी मेम्बर स्पेशल गेस्ट के लिए इन्विटेशन आते रहते है नेहा मॉडलिंग के साथ साथ ऐक्टिंग की दुनिया में खूब धमाल मचाए हुए है इन्होंने कई मूवी वेबसेरीस में भी खूब काम किया है इनका यूटूब चैनल भी है जिसमें ये नत्य के विडीओ अपलोड करती है जिसमें इनके भारी मात्रा में सब्स्क्राइबर है ,इन्स्टग्रैम पर भी इनके 30,000 अधिक फ़ॉलोअर है नेहा बताती है की वो अपनी फ़ैमिली और अपने बाँदा का नाम हर जगह रोशन करना चाहती है जिससे बाँदा का नाम इतिहास के पन्नो पर दर्ज हो और बाँदा को सब लोग जाने हम सभी नेहा कश्यप के उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी ने डा0 नितिन बंसल ने कलेक्ट्रट सभागार में भारतरत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश पटेल सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों/कर्मचारियों को एकता और अखण्डता की शपथ भी दिलायी। उन्होने शपथ दिलाया कि ''राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिये स्वयं को समर्पित करेगें और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करेगें। उन्होने कहा कि हम सभी यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहे है, जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा सम्भव बनाया जा सका। हम अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लेते है। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने विकास भवन में भारतरत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया तथा अधिकारियों/कर्मचारियों को एकता और अखण्डता की शपथ भी दिलायी। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य सभी सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थान, स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यालयों में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी।इस अवसर पर अधिकारी/कर्मचारीगण एवं विद्यालय के अध्यापकगण, छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# लाभार्थियों की ऋृण पत्रावलियों का करें यथाशीघ्र निस्तारण का

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ऋृण योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने एलडीएम एवं सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय स्थापित कर लम्बित लाभार्थियों के ऋृण पत्रावलियों को यथाशीघ्र निस्तारित करायें जिससे योजना का लाभ लाभार्थी को समय से मिल सके। बैठक में बताया गया कि सुखपालनगर तिराहा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र होने से वहॉ पर आये दिन दुर्घटनायें होती रहती है जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि सुखपालनगर तिराहा पर रोड सेफ्टी हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। नगर पालिका क्षेत्र में जाम लगने के प्रकरण पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि राजापाल टंकी से जिला अस्पताल होते हुये सदर मोड़ तक अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही करें। बैठक में बताया गया कि मीरा भवन चैराहे से प्रतापगढ़ सिटी रोड के बीच गड्ढे हो गये है जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है जिस पर जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र पीडब्लूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों पर गड्ढे बन जाने से आवागमन बाधित होता है जिसे अभियान चलाकर गड्ढामुक्ति कराया जाये। बैठक में उद्यमी रोशन लाल ऊमरवैश्य ने चिलबिला बाईपास से हनुमान मंदिर तक निर्माणाधीन रोड का मुद्दा उठाया जिस पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने कहा कि 02 दिन के अन्दर सड़क काली बन जायेगी। निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों पर अतिशीघ्र कार्यवाही करते हुये आवेदन पत्रों का निस्तारण किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व व्यापार मण्डल के रोशन लाल ऊमरवैश्य, अनुराग खण्डेलवाल, प्रताप आहूजा, हेमन्त नन्दन ओझा आदि उपस्थित रहे।

# कहर बनकर पहाड़ों की तरह बैरी पर तुम ढहना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जेपी ट्रस्ट द्वारा शाहपुर में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कवियों ने वीर रस,श्रृंगार एवं हास्य की रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर किया। ब्लाक



प्रमुख राकेश कुमार द्वारा कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया गया।इसके बाद राजेश प्रतापगढ़ी की सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन का औपचारिक शुभारंभ हुआ।लोकेश त्रिपाठी ने अपने गीतों से श्रोताओं को मुग्ध करते हुए कार्यक्रम को गतिमान बनाया तो शिव नरेश भारती की ओज की कविताओं को श्रोताओं ने मन से सुना। योगेश झमाझम ने अपनी हास्य कविताओं से लोगों को हँसाया तो नूर चश्म ने अपने रूमानी गीत गजलों को पढ़कर लोगों को आनंदित किया। वीर रस के सुप्रसिद्ध करी डॉ0 रणजीत सिंह ने अपनी राष्ट्रवादी हुँकार से जनमानस में राष्ट्र चेतना का संचार किया।उनकी पंक्तियाँ -वजह है बस यही कि आप से हरदम यही कहना,अपने देश की सेवा में हरदम ही लगे रहना,लाज रखना अपनी माँ भारती के दूध का हरदम,कहर बनकर पहाड़ों की तरह वैरी पर तुम ढहना श्रोताओं को रोमांचित की। श्रोताओं ने उन्हें काव्य पाठ के दौरान माल्यार्पण करके और राष्ट्र की जय कार करके सम्मानित किया।वंदना शुक्ला ने अपने गीतों से श्रोताओं को मुग्ध किया तो शकील इलाहाबादी ने अपने गीत- गजलों से समा बाँध दिया।बिहारी लाल अंबर ने जहां अपने चुटीले संचालन से श्रोताओं को गुदगुदाया तो अपनी हास्य की कविताओं से उन्हें लोटपोट किया।अध्यक्षता कर रहे दिनेश सिंह गुक्कज की कविताओं को श्रोताओं ने मन से सुना और सराहा।इस अवसर पर जेपी ट्रस्ट के संस्थापक जगदीश प्रसाद यादव,राम शिरोमणि यादव, सभापति दिवेदी एडोकेट,नागेंद्र बहादुर सिंह पूर्व प्रधान, ओमप्रकाश सिंह पूर्व प्रधान, दिनेश प्रताप सिंह, तीर्थ राज यादव,हरिशंकर,धर्मेंद्र यादव, चिंतामणि यादव,राजबहादुर यादव,आरजू गुप्ता आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम के संयोजक जनार्दन प्रताप यादव ने कवियों एवं श्रोताओं का स्वागत किया। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि मरणोपरांत वह अपनी देह मेडिकल कालेज को दान करते हैं जिससे कि किसी व्यक्ति का कल्याण हो सके और साथ ही मेडिकल छात्रों को अनुसंधान करने का अवसर मिल सके।



# पूर्वोत्तर रेलवे के कर्तव्य निष्ठा की नेक पहल

## डीआरएम ने ईमानदारी और पारदर्शिता बनाये रखने हेतु अपने अधीनस्थों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर 31 अक्टूबर2022 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रवेश द्वार पर मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय ने रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यकलापों के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी और पारदर्शिता बनाये रखने के लिए सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई। उन्होंने कहा की मेरा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक विकास में भ्रष्टाचार एक बड़ा अवरोधक है।मै विश्वास करता हूँ कि भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के लिए, हमारी सरकार,नागरिक तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।मुझे लगता है कि प्रत्येक नागरिक को सदैव सतर्क रहना चाहिए एवं ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्च मानकों को पालन करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहना चाहिए व भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने कहा की नियमबद्धत्ता तथा नियम कानून का अक्षरशः पालन भ्रष्टाचार रहित समाज की पहली आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार का हो सकता है। कार्य निष्पादन में विलम्ब को भ्रष्टाचार का एक महत्वपूर्ण कारण बताते हुए उन्होंने जोर देकर



कहा कि कार्य सम्पादन में अनावश्यक विलम्ब से हर हाल में बचा जाये तथा नियमों एवं प्रक्रियाओं का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करते हुए कार्य सम्पादित किये जाएँ। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) श्री ज्ञानेश त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्री एस.पी.एस.यादव, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री राहुल श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री समीर पॉल, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) श्री राकेश रंजन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक श्री संजीव शर्मा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्रीमती प्रीति वर्मा,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री ए.पी. सिंह,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (र्रें)श्री एसपी श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (हिंप्स्)आलोक केशरवानी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)पंकज केशरवानी , वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री रजत प्रिय,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (आपरेशन)श्री एके श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण)श्री आर एन सिंह, मंडल कार्मिक अधिकारी श्री विवेक मिश्रा एवं शाखा अधिकारियों ने भ्रष्टाचार मिटाने एवं नव भारत के निर्माण के लिए शपथ ग्रहण ली। पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी अपने कर्तव्य निष्ठा की पहल का शुभारम्भ किया है।इसी क्रम मे मण्डल रेल प्रबन्धक वाराणसी श्री रामाश्रय पाण्डेय ने ईमानदारी और पारदर्शिता बनाये रखने हेतु अपने अधीनस्थों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ।इस दौरान इस शपथ का मैं इसलिए,शपथ लेता हूँ कि जीवन के हर कदम पर सत्यनिष्ठ और कानून व्यवस्था का पालन करूँगा। न तो घूस लूँगा और न ही घूस दूँगा। सभी कार्य ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निष्पादित करूँगा। जनहित में कार्य करूँगा।निजी व्यवहार में ईमानदारी की मिसाल कायम करूँगा। भ्रष्टाचार की किसी भी घटना को उपयुक्त एजेंसी को सूचित करूँगा की शपथ अधिकारी और कर्मचारियो को दिलाई गई।

# यातायात जागरूकता रैली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सीतापुर।** कार्यक्रम का सीतापुर मे हुआ सफल आयोजन आशीष त्रिवेदी सीतापुर यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरुकता एवं नियमों को पालन कराने और सुरक्षित यातायात के उद्देश्य से आज रोडवेज चौराहा पर यातायात माह के अवसर पर जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री घुले सुशील चंद्रभान द्वारा हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरुकता रैली को रवाना किया तथा हेलमेट वितरित किये गये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, क्षेत्राधिकारी नगर, यातायात निरीक्षक व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। यातायात नियमों की जानकारी, जीवन सुरक्षा की हितकारी।



# मेला में किन्नरों का विवाद गंभीर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** घूरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भीटा मेला सुजावन देव घूरपुर एरिया में एक वृहद ही मेले का कार्यक्रम कार्तिक मास में हर वर्ष होता है मेले में राधा किन्नर अपने साथियों के साथ खरीदारी कर रही थी उसी बीच महामंडलेश्वर टीना ग्रुप के सजना सुनीता रानी आदि किन्नर भी मेले में आई हुई थी राधा किन्नर को देखते हुए टीना ग्रुप के किन्नर राधा किन्नर के ऊपर जानलेवा हमला करती हुई मारने लगी राधा किन्नर ज्यादा चोटिल मामला एरिया को लेकर के गंभीर दिखा जमुना पार एरिया राधा ग्रुप के द्वारा बताया जा रहा है जमुना पार हम लोग देखते हैं महामंडलेश्वर टीना ग्रुप के लोग जबरदस्ती दखल बाजी करते हुए मारपीट पर उतारू मारपीट की घटना सुनते ही घूरपुर थाने की फोर्स घटना स्थल पर आनन-फानन में मामला को शांत कराया गया जिसकी शिकायत राधा किन्नर के द्वारा थाने पर दी गई एफ आई आर कायम हुआ राधा किन्नर अपने



साथियों के साथ गिरफ्तारी की मांग करती हुई शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगाती हुई देखिए शासन गंभीरता के साथ जांच करते हुए कितना एक्शन लेती है।

# प्रयागराज में पिछले 4 महीनों में गैंगस्टरों की 200 करोड़ की संपत्ति कुर्क, अब बन रही है नयी लिस्ट




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** योगी सरकार 2.0 ने गैंगस्टर में वांछित अपराधियों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। पिछले चार महीने में बाहुबली और पूर्व सांसद अतीक अहमद, गो-तस्कर मोहम्मद मुजफ्फर, शिक्षा माफिया डॉ. के.एल पटेल, हिस्ट्रीशीटर संतोष यादव और उनके रिश्तेदारों व गुर्गों की अवैध तरीक़े से कमाई गयी लगभग 200 करोड़ की संपत्ति को कुर्क किया जा चुका है। एसएसपी शैलेश पांडेय के अनुसार इनकी सम्पत्तियाँ प्रयागराज के विभिन्न इलाक़ों के अलावा देशभर के अन्य शहरों मे भी मिली है। पुलिस अब इन गैंगस्टरों की नयी सम्पत्तियों के बारे में पता लगा रही है । साथ ही नए गैंगस्टरों की लिस्ट भी बन रही है। एसएसपी ने बताया कि किसी भी संपत्ति का पता चलने पर गैंगस्टर एक्ट में कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। अब इस लिस्ट में दिनदहाड़े लूट करने वाले कुख्यात गैंगस्टर अब?दुल?ला, अब्दुल आदी का भी नाम जुड़ गया है। उनकी संपत्तियों का पता लगाने के बाद कुर्की की कार्रवाई भी पुलिस करेगी। पुलिस यूपी के अन्य जिलों और दूसरे राज्यों में गैंगस्टरों और उसके परिवारजन की संपत्तियों का पता लगा रही है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में देव दीपावली पर्व को भव्य एवं दिव्य रूप में मनाये जाने की तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

## देव दीपावली पर्व के अवसर पर 11 लाख दीपों से जगमग होंगे संगम सहित अन्य घाट-जिलाधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में 07 नवम्बर, 2022 को देव दीपावली पर्व को भव्य एवं दिव्य रूप में मनाये जाने की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। देव दीपावली पर्व के अवसर पर 11 लाख दीपों से संगम सहित अन्य घाटों को सजाया जायेगा। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला प्रशासन के साथ-साथ अन्य लोगो को भी कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। दीपों को अच्छे एवं व्यवस्थित ढंग से जलाने के लिए सेक्टर वार व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस के साथ-साथ सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने मार्गों पर साइनेज तथा पार्किंग आदि की व्यवस्था भी किये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि देव दीपावली पर्व के अवसर पर



मुख्य कार्यक्रम स्थल संगम क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेजर शो सहित अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग को देव दीपावली पर्व पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराये जाने, नगर निगम को साफ-सफाई एवं पानी के टैंकर, मोबाइल ट्वायलेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। विकास प्राधिकरण के द्वारा सभी चैराहों पर लाइटिंग की व्यवस्था की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी घाटों के लिए नोडल अधिकारी भी नामित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर सेल्फी प्वाइंट एवं सैण्ड आर्टस आदि की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने शास्त्री ब्रिज एवं नए यमुना ब्रिज पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को देव दीपावली पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से कराये जाने हेतु सौंपे गये दायित्वों को पूर्ण मनोयोग के साथ सम्पादित किए जाने के लिए कहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पाण्डेय ने देव दीपावली पर्व के अवसर पर पार्किंग प्लान बनाकर व्यवस्थित ढंग से गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक नगर को कहा है। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ-साथ अग्निशमन अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन की गाड़ी की भी व्यवस्था करने के लिए कहा है। इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री चन्द्र मोहन गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, सभी अपर जिलाधिकारीगण, पुलिस अधीक्षक नगर, एस0डी0एम0 मेला सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गौ माता की सेवा कर मनाया गोपाष्टमी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**राबर्ट्सगंज ।** गौशाला परिसर में मंगलवार को वैदिक मंत्रोचार के साथ गौ माता का पूजन अर्चन कर गोपाष्टमी मनाई गई। सदर विधायक भूपेश चौबे, एसपी डॉ. यसवीर सिंह समेत अन्य लोगों ने मवेशियों को हरा चारा, गुड़, फल आदि खिलाकर आशीर्वाद लिया। गौशाला परिसर में आयोजक चेयरमैन वीरेंद्र कुमार जायसवाल, सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत की मौजूदगी में विद्वानों ने मंत्रोच्चार कर विधायक और एसपी से गौ माता का पूजन-अर्चन कराया। भक्तों ने गोमाता की परिक्रमा की और उनको गुड़ खिलाकर उनसे सुख समृद्धि की कामना की। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि कार्तिक शुक्ल अष्टमी के दिन ही मां यशोदा ने भगवान श्रीकृष्ण को गाय चराने के लिए जंगल भेजा था। इस दिन गौ, ग्वाल और भगवान श्रीकृष्ण के पूजन का विशेष महत्व है। हिंदू धर्म में गाय को माता का स्थान दिया गया है। कामधेनु के रूप में गाय माता सभी की मनोकामना पूर्ण करती हैं। एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि गौ माता की सेवा करने से पापों से मुक्ति मिलती है। विहिप मातृशक्ति से जुड़ी महिलाओं ने भी गौ माता की पूजा अर्चना कीं।

# यातायात माह शुरू: डीएम बोले कैसे एक मामूली चोट ने उन्हें सीट बेल्ट की महत्ता समझायी युवतियों को बांटा हेलमेट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** सुभाष चौराहे पर आयोजित एक समारोह के साथ मंगलवार सुबह यातायात माह का दौरान बिना हेलमेट स्कूटी से घूम रही युवतियों को सुभाष चौराहे पर रोककर उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी गयी और उन्हें हेलमेट



शुभारंभ हुआ। समारोह में बोलते हुए डीएम संजय खत्री ने बताया कि एक बार वह भी अपने मित्र के साथ कार से जा रहे थे। रास्ते में हादसे में मामूली चोट आई। उस घटना के बाद से वह बिना सीट बेल्ट के गाड़ी में नहीं बैठते।इस वितरित किया गया। यातायात माह के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि लोगों में जागरूकता बढ़ी है। पहले की अपेक्षा काफी सुधार हुआ है लेकिन अभी और सुधार की आवश्यकता है।

# हजारों मील का सफर तय कर संगम तट पहुंचे विदेशी साइबेरियन पक्षी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** श्रद्धालुओं का केंद्र बने ब्लैक हेड गल्स पक्षी साइबेरिया से हजारों मील की उड़ान भर संगम पहुंचना शुरू हो गए हैं। इन पक्षियों की खूबसूरती संगम आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों का दिल जीत लेती है। माघ और कुंभ मेले में हर साल कोई आए न आए पर साइबेरियन पक्षी रास्ते में अफगानिस्तान, मध्य एशिया व हिमालय की ऊंची पर्वत माला को पार कर यहां तक पहुंचते हैं। नवंबर माह में उक्त देशों में बर्फबारी अधिक होती है ऐसे में खाने की तलाश में भारी तादाद में यह पक्षी यहां आते हैं। इनका प्रवास मार्च माह तक यहां रहता है। गर्मी के शुरू होते ही ये अपने पुराने ठौर को लौट जाते हैं। लोग इन पक्षियों के साथ फोटो खिंचाने को लालायित रहते हैं।




100% Placement

सीधे प्रवेश

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

15% Fee Concession

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- फायर सेफ्टी — सीसीए
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
- इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
➪ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# अपना दल एस राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने जनसंपर्क कार्यालय पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की147 वीं जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** 31 अक्टूबर 2022 को अपना दल एस ने जनसंपर्क कार्यालय, पटेल चौक, भरुहना में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 147 वीं जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष इं0 राम लौटन बिंद की अध्यक्षता में जयंती मनाई गई। इस दौरान लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। जयंती के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपना दल एस राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल उपस्थित रहीं। तथा संचालन युवा मंच अध्यक्ष उदय पटेल ने की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती पटेल ने बताया कि पूरे देश में आज लौहपुरुष सरदार



वल्लभभाई पटेल की 147वीं जयंती मनाया जा रहा है। भारत को आजादी मिलने के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल की पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। यही कारण है कि वल्लभभाई पटेल की जयंती को पुरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस ( नेशनल यूनिटी डे ) के तौर पर मनाया जाता है। पहली बार राष्ट्रीय एकता दिवस 2014 में मनाया गया था। सरदार पटेल आजादी के बाद देश के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री भी थे। भारतीय सिविल सेवा की निरंतरता को कायम रखने वाले निर्णायक व्यक्ति थे। इसके बाद सरदार पटेल विचार मंच एवं अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 147 वीं जयंती के उपलक्ष में पुष्पार्चन समारोह आयोजित की। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल उपस्थित हुई मंच पर सभी गणमान्य लोगों द्वारा केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल का जोरदार स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के मूर्ति पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की ।

# पंद्रह सौ मीटर दौड़ में आकाश इंटर कॉलेज अव्वल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** श्रीमती देवकली इंटर कॉलेज मैदान में मंगलवार को माध्यमिक विद्यालयों के बालक वर्ग की रैली आयोजित की गई। सीनियर वर्ग 800 एवं 1500 मीटर दौड़ में नंदन कुमार आदर्श इंटर कॉलेज अदलहाट, 100 व 400 मीटर दौड़ में सर्वेश कुमार इंटर कॉलेज जमालपुर, लंबी कूद में अजीत कुमार इंटर कॉलेज अदलहाट एवं गोला फेंक में सागर यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उद्घाटन प्रधानाचार्य महेंद्र प्रसाद दुबे ने फीत काटकर व सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जूनियर वर्ग में 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ में शनि पटेल इंटर कॉलेज जमालपुर, 1500 मीटर दौड़ में आकाश इंटर कॉलेज खजुरौल, 100 मीटर दौड़ में शिवम यादव इंटर कॉलेज खजुरौल, गोला प्रक्षेप एवं हैमर थ्रो में माही कुमार इंटर कॉलेज खजुरौल, डिस्कस थ्रो में नीतेश इंटर कॉलेज जमालपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग में 100 व 200 मीटर दौड़ में विशाल यादव इंटर कॉलेज खजुरौल, 600 व 1500 मीटर दौड़ में मोनू इंटर कॉलेज मनउर, लंबी कूद में दानिश बाबू नवीन राजकीय हाईस्कूल भुइलीखास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान केशव सिंह, सतीश सिंह, मनोज कुमार सिंह, अखिलेश सोनी, प्रवीण सिंह, रामसुधार सिंह आदि मौजूद थे।

# दुर्गम पहाड़ी रास्तों से बेचूबीर बाबा के धाम पहुंच रहे श्रद्धाल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होकर संतान प्राप्ति और प्रेत बाधाओं से मुक्ति के लिए श्रद्धालु बेचूबीर बाबा के धाम पहुंचने लगे हैं। श्रद्धालुओं को क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत नहीं होने से आवागमन



में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रास्ते भर हिचकोले खाते नौनिहालों के साथ श्रद्धालु बाबा के धाम में मत्था टेकने मंगलवार को पहुंचे। श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र में पेयजल की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। संतान प्राप्ति और प्रेत बाधा निवारण के लिए बेचूबीर बाबा की चौरी का विशेष महत्व है। जहां प्रतिवर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से लेकर एकादशी तक तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया जाता है। मेला में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा महाराष्ट्र के काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मान्यता है कि कई साल पहले बरही के घने जंगलों में भगवान शंकर के अनन्य भक्त पहलवान बेचू यादव भैंस चराया करते थे। उन दिनों इस जंगल में हिंसक जानवरों का आतंक था। एक दिन भैंस चराने के दौरान बाघ ने बेचू यादव पर हमला कर दिया। तीन दिनों तक दोनों के बीच मुकाबला चलता रहा। तीसरे दिन बाघ से लड़ते-लड़ते बेचू यादव वीरगति को प्राप्त हो गए और घायल बाघ ने भी दम तोड़ दिया। इस घटना की जानकारी मौके पर मौजूद बेचू यादव के कुत्ते ने घर पहुंच कर परिजनों को अपने तरीके से दी। इसके बाद बेचू यादव की पत्नी मौके पर पहुंचीं और अपने बारह दिन के बच्चे को गोद में लेकर उन्होंने प्राण त्याग दिया। इस असामयिक मृत्यु के चलते परिजनों को बुरे सपने आने लगे। जानकारों की सलाह पर परिजनों ने इसी जगह बेचू यादव तथा जहां बारह दिन के बच्चे को गोद में लेकर उनकी पत्नी ने दम तोड़ा था, उसी जगह दोनों लोगों की चौरी बनवा दी। तभी से बरहिया माता और बेचूबीर बाबा की पूजा अर्चना की जाने लगी। मान्यता है कि यहां प्रेत बाधा निवारण और संतान प्राप्ति की इच्छा पूरी होती है।

# रेफर के बाद नहीं गई जिला अस्पताल सोनभद्र के चोपन इलाके से घर ले जाते वक्त सड़क पर बच्चे को दिया जन्म

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** भरहरी गांव निवासी गर्भवती बुधनी में खून की कमी पाए जाने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर किया किंतु



स्वजन उसे वहां न ले जाकर घर ले जाने लगे और उसने रास्ते में ही सड़क पर बच्चे को जन्म दे किया। प्रसव रास्ते में होने की सूचना से स्वास्थ्य विभाग में अफरातफरी मच गई। विभाग की ओर से मौके पर पहुंची टीम दोबारा जच्चा-बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन ले आई। यहां उनका उपचार हो रहा है। दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं।सामुदायिक स्वास्थ केंद्र चोपन में गर्भवती बुधनी पत्नी रमेश रविवार को प्रसव के लिए आई थी, लेकिन खून की कमी देख डाक्टर ने हालत नाजुक देख महिला को तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। साथ ही जिला अस्पताल को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अवगत भी करा दिया। मध्यप्रदेश की सीमा से सटे भरहरी गांव निवासी बुधनी को घर वाले जिला अस्पताल नहीं ले जाकर वापस अपने गांव जाने लगे। स्वजन निजी साधन से चोपन अस्पताल आए थे। परिजनों को बार-बार अधीक्षक डाक्टर सुभाष राबर्ट्सगंज जिला अस्पताल ले जाने को कहते रहे और सरकारी एंबुलेंस से ले जाने की भी बात कही, लेकिन परिजन ने बताया कि वे अपने साधन से जिला अस्पताल जाएंगे। वे अस्पताल न जाकर गांव लौटने लगे।रास्ते में सिंदुरिया गांव के पास ही महिला प्रसव से कराहने लगी और वहीं उसने एक बच्चे को जन्म दिया। इसकी सूचना जैसे ही स्वास्थ्य विभाग को मिली संबंधित स्टाफ मौके पर जा करके जच्चा और बच्चा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाए और उन्हें भर्ती करा दिया। अस्पताल के अधीक्षक महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर सुभाष ने मां- बच्चे की जांच की। साथ ही बच्चे का आवश्यक टीकाकरण भी कराया। डाक्टर सुभाष ने बताया कि महिला में खून की कमी थी। अच्छी तरीके से प्रसव हो जाए इसलिए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था लेकिन परिवार वाले किसी को बिना बताए अपने गांव जाने लगे और रास्ते में ही प्रसव हो गया। हालाकि सब कुछ सामान्य है ।

# जिले में एक नवंबर से शुरु होने वाली धान खरीद की निगरानी के लिए डीएम दिव्या मित्तल ने क्रयकेंद्रवार नोडल अफसरों की तैनाती की है

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** डीएम ने कहा है कि नोडल अफसर प्रतिदिन किसी एक क्रयकेंद्र के खुलने, बंद होने



और धान क्रय संबंधी अन्य विवरण आदि का फोटो लेकर वाट्सअप करने की हिदायत दी है। कहा है कि नोडल अफसरों की रिपोर्ट की रेण्डम जांच भी कराई जाएगी। सप्ताह में किसी भी दिन संबंधित क्रयकेंद्र की रिपोर्ट के साथ जांच की जाएगी। जिले में किसानों से धान खरीदने के लिए 48 क्रयकेंद्र बनाए गए है। इन क्रयकेंद्रों पर एक नवंबर मंगलवार से धान खरीद शुरु हो जाएगी। क्रयकेंद्रों पर किसानों को किसी तरह से दिक्कत न होने पाए लिहाजा डीएम दिव्या मित्तल ने राजस्व एवं अन्य विभाग के अफसरों को नोडल अफसर बनाया है। इनमें तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य अफसरों को शामिल किया गया है। डीएम ने सभी नोडल अफसरों को निर्देश दिया है कि वे प्रत्येक धान क्रयकेंद्र की रैण्डम जांच कर अपनी रिपोर्ट उसी दिन शाम को जिला मुख्यालय पर भेजेंगे। नोडल अफसर धान क्रयकेंद्र के खुलने और बंद होने के समय की भी रिपोर्ट भेंजेंगे।

# मीरजापुर में बस में सवार मां बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसीं तेजाब से दोनों को जलाने का आरोप

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** बस में सफर के दौरान मां और बेटी की सीट पर किसी ने अचानक तेजाब फेंक दिया और दोनों को जख?मी कर भीड़ का सहारा लेकर मौके से फरार हो



गया। वहीं वारदात की जानकारी होने के बाद दोनों को ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर दोनों का ही इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार मामले की जानकारी होने के बाद दोनों के बयान के आधार पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार महिला का अपने पति से दहेज उत्पीड़न को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। इस मामले की जानकारी होने के बाद पुलिस पति से पूछताछ करने की तैयारी में है। मीरजापुर से सोनभद्र जा रही है रोडवेज की बस में सोमवार को सवार मां बेटी पर किसी ने कोई ज्वलनशील पदार्थ अचानक फेंक दिया, इससे दोनों महिलाएं झुलस गईं। घटना की जानकारी होने पर पहुंची बरकछा चौकी की पुलिस दोनों महिलाओं को एंबुलेंस से मंडलीय चिकित्सालय भेजा। शहर कोतवाली के गोसाई मोहल्ला निवासी गुंजा सोनकर का अपने ससुराल वालों से दहेज उत्पीड़न को लेकर विवाद चल रहा है। पुलिस इसी विवाद को केंद्र में रखकर जांच कर रही है। सोमवार को महिला के मायके वालों ने फतहा चौकी की पुलिस से गुंजा की विदाई नहीं करने की शिकायत की थी। पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत करने के लिए बुलाया था और गुंजा की विदाई करा दी। गुंजा अपनी 55 वर्षीय मां मनता देवी निवासी ददरा राजगढ, भाई सुनील मामा के लड़के सुभाष के साथ रोडवेज बस से अपने मायके जा रही थी। बस जैसे बरकछा पहुंची कि उनकी सीट पर किसी ने केमिकल फेंक दिया। इससे मां बेटी झुलस गई। महिलाओं को शोर मचाने पर बस रूकवाई गई। महिला का आरोप कि उसके ससुरालियों ने उसे जलाकर मारने का प्रयास किया है। फिलहाल पुलिस दोनों महिलाओं को अस्पताल भेजकर मामले की छानबीन कर रही है।

# सोनभद्र में कार से दो क्विंटल 43 किग्रा गांजा बरामद, पुलिस ने महिला समेत पांच को गिरफ्तार कर वाहन किया सीज

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** पन्नूगंज व रायपुर थाना पुलिस ने पकरहट पुल के पास से सोमवार की सुबह एक कार से दो क्विंटल 43 किग्रा गांजा बरामद किया। कार पर सवार एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोग गांजा लेकर बिहार से मध्य प्रदेश की तरफ जा रहे थे। पांचों आरोपितों का चालान कर दिया गया और कार को सीज कर दिया गया है। सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने पत्रकार वार्ता कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि एक कार से कुछ लोग गांजा लेकर आ रहे हैं। इस पर वाहन को जांच में पकड़ा गया। उस पर से पुलिस ने लवकुश साकेत निवासी माधोगढ़ ईटौरा, थाना रामपुर बाघेलान, केनूर बहेलिया व जानकी बाई निवासी पौड़ी, थाना पौड़ी, प्रेम लाल चर्मकार निवासी कचनार थाना नागौद सभी निवासी जनपद सतना, मध्य प्रदेश व अनूप पासवान, निवासी चौधरना, थाना अधौरा, जिला भभुआ कैमूर बिहार को पकड़ा। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी ने बताया कि आरोपितों ने पूछताछ में जानकारी दी है कि उन लोगों का सरगना छोटा पटेल उर्फ छोट्टन, निवासी पौड़ी, थाना पौड़ी, जनपद सतना मध्य प्रदेश है। वे बिहार से गांजा ले जाकर मध्य प्रदेश में बेचते हैं। हम लोग उसी के लिए काम करते हैं। गांजा बेचकर जो मुनाफा होता है, उसमें से कुछ पैसा हम लोगों को देता है और बाकी अपने पास रख लेता है। यही हम लोगों की आजीविका का साधन है।

# स्थानीय डाला कोटा ग्राम पंचायत के अम्मा टोला में बीती रात को धान की खेत में मगरमच्छ दिखने से क्षेत्र में मचा हड़कंप





(आधुनिक समाचार सेवा)
**डाला सोनभद्र।** ,रात भर भय का बना रहा माहौल प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोटा ग्राम पंचायत के अम्मा टोला में बीती रात को धान की खेत में मगरमच्छ दिखाई देते ही आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया वहीं स्थानीयो ने इसकी सूचना वन विभाग को दी गई जिसके उपरांत मंगल वार के सुबह ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और घंटों रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मगरमच्छ को पकड़ लिया गया और कोटा बंधी में छोड़ दिया गया जहां स्थित समान्य है इस दौरान टीम में क्षेत्राधिकारी इन्द्रजीत पाल, वन दरोगा त्रिलोकी दुबे , इरफान, एवं रिंकी चन्द्रा अभिषेक पाण्डेय शामिल रहे।

# यातायात नियमों को आचरण में शामिल करने पर कम होंगे हादसे

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** सड़क हादसों में जितनी जन-धन की हानि होती है, उतनी हानि आपदाओं और अपराधों से नहीं होती है। सुरक्षा के छोटे-छोटे उपाय करके हादसों को रोका जा सकता है। यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते वक्त सीट बेल्ट अवश्य लगाना चाहिए। ये बातें मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित यातायात माह के शुभारंभ के मौके पर कही। उन्होंने यातायात माह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि पुलिस यातायात नियमों का पालन कराने का कार्य करती है। समाज के लोग जब यातायात नियमों के पालन की बात अपने एजेंडा में शामिल नहीं करेंगे, तक इस कार्य में शत प्रतिशत सफलता नहीं मिल पाएगी। लोगों को पैदल व वाहनों से चलने समय यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। यातायात नियमों को अपने आचरण और व्यवहार में शामिल कर पालन करना होगा। इससे हादसों में कमी आएगी। डीआईजी आरपी सिंह ने अभिभावकों से अपील की कि वे स्कूल व कॉलेज जाने वाले बच्चों को हेलमेट लगाकर वाहन चलाकर चलने के लिए जरूर कहें। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि बच्चे जिद पकड़ें कि उनके माता-पिता बाइक से निकल रहे हैं तो हेलमेट जरूर लगाएं, तभी इस कार्य में सफलता मिल सकती है। एसपी संतोष मिश्रा ने कहा कि ई रिक्शा पर चार से अधिक सवारी बैठने पर पलटने से हादसे होते हैं। उन्होंने चालकों से अपील कि ई रिक्शा व ऑटो में चार से अधिक सवारी न बैठाएं। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद, एएसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति, एएसपी नक्सल महेश सिंह अत्रि, सीओ सिटी प्रभात राय, सीओ लालगंज परमानंद कुशवाहा, एआरटीओ संतोष सिंह, विजय प्रकाश, होमगार्ड कमांडेंट बीके सिंह।

# असलहों के साथ दो लोग गिरफ्तार, पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने घेरेबंदी कर किया अरेस्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** कछवां थानाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति पाहो और वाराणसी के बार्डर पर मौजूद हैं। वो असलहा बेचने के लिए आए हैं। कछवां पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने घेरेबंदी कर सुंदरम उपाध्याय व शिवम तिवारी उर्फ बंटू



निवासी तोसवा थाना पड़री को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में सुंदरम के पास से एक देशी पिस्टल व दो कारतूस तथा शिवम के पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया गया। पाहो और वाराणसी के बार्डर से कछवां पुलिस ने मंगलवार को पिस्टल व तमंचा के साथ दो असलहा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस मामले का खुलासा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति ने पुलिस लाइंस सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान किया। उन्होंने बताया कि कछवां थानाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति पाहो और वाराणसी के बार्डर पर मौजूद हैं। वो असलहा बेचने के लिए आए हैं। कछवां पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने घेरेबंदी कर सुंदरम उपाध्याय व शिवम तिवारी उर्फ बंटू निवासी तोसवा थाना पड़री को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में सुंदरम के पास से एक देशी पिस्टल व दो कारतूस तथा शिवम के पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपितों पर आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया वे अवैध असलहों की खरीद व बिक्री करते हैं। उनका संपर्क गैर जनपदों व प्रांतों के कुछ लोगों से संपर्क है। उनके माध्यम से उन्हें अवैध असलहा उपलब्ध होते हैं। उन असलहों को आस-पास के क्षेत्र में लोगों से संपर्क कर ज्यादा दाम में बेच देते हैं। उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोगों के बारे में जानकारी हाल ही में विंध्याचल में एक युवक की हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी अमित सिंह के मोबाइल को खंगालने पक मिली। उसमें एक तमंचे के साथ आरोपी की फोटो मिली थी। उस तमंचे की तलाश के लिए पुलिस ने छानबीन की तो इन दो असलहा तस्करों के नाम सामने आए। उसके बाद इनको गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि देवेश्वर शुक्ला नाम का व्यक्ति है, जिससे वे असलहा खरीदते थे। जिसे कुछ दिन पूर्व एसटीएफ ने पकड़ा है। अभी ये नहीं पता चल पाया है कि कितने असलहा बेचे गए हैं। इस मामले की जांच की जा रही है।

# मां और ग्रामीणों से मिले जलशक्ति एवं सिंचाई मंत्री

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मिर्जापुर।** प्रदेश के जल शक्ति एवं सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सोमवार की रात करीब 10 बजे अपने पैतृक गांव ओड़ी पहुंचे। उन्होंने अपनी माता रामा देवी का आशीर्वाद लिया। ग्रामीणों से मिलकर उन्होंने समस्याओं की जानकारी ली और समाधान का भरोसा दिया। करीब आधे घंटे तक रहने के बाद वे पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए वाराणसी रवाना हो गए। कोलना गांव में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर वाराणसी जाते समय मंत्री स्वतंत्र देव अपने गांव पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही अमृत सरोवर के सुंदरीकरण कार्य में हुई प्रगति के बारे में भी ग्रामीणों से जानकारी ली। इस दौरान श्रीपति सिंह, गौरव सिंह, प्रधान चंद्रभान सिंह, राकेश सिंह, दिनेश सिंह, रोशन सिंह, चंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# बारिश धो सकती है भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद, बांग्लादेश के खिलाफ है करो या मरो का मुकाबला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप के अभियान में भारत अब तक अजेय चल रही भारतीय टीम को रविवार में दो मैच जीतें है और एक में हार का सामना करना पड़ा था। वह प्वाइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है। दोनों टीमों के चार-चार अंक थी। बता दें कि दोनों टीमें ऐसी स्थिति में हैं कि एक हार उनके लिए भारी पड़ सकती है। बुधवार को अगर बारिश के चलते मैच रद्द




को खेले गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में 2 नवंबर को एडिलेड ओवल में बांग्लादेश को हराकर भारतीय टीम जीत की पटरी पर लौटा चाहेगी। टी20 विश्व कप 2022 के ग्रुप-2 में भारतीय टीम तीन में से दो मैच जीतकर फिलहाल प्वाइंट्स टेबल में दूसरे नंबर है। वहीं बांग्लादेश ने भी तीन हैं, लेकिन भारत का नेट रन रेट बांग्लादेश से बेहतर हैऑस्ट्रेलिया मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को आसमान में बादल छाए रहने के साथ 60 प्रतिशत तक बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार शाम को तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं मंगलवार को बारिश के कारण भारतीय नेट प्रैक्टिस भी देर हुई होता है तो भारत की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को भारी झटका लग सकता है।बात की जाए दोनों के बीच खेले गए टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की तो भारत हमेशा बांग्लादेश पर भारी साबित हुआ है। दोनों देशों के बीच 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं। भारत ने 10 बार बांग्लादेश को धूल चटाई है।

# जसप्रीत बुमराहको लेकर चीफ सेलेक्टर ने दिया अपडेट बताया कब करेंगे वापसी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बीसीसीआइ ने आगामी न्यूजीलैंड और बांग्लादेश दौरे के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। लेकिन इस टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का नाम नहीं है। न्यूजीलैंड



के खिलाफ टी20 सीरीज में केएल राहुल, रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे बड़े खिलाड़ियों का नाम नहीं है। इसके अलावा दिनेश कार्तिक को भी शामिल नहीं किया गया है। ये सभी खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप में टीम का हिस्सा हैं। बीसीसीआइ चीफ सेलेक्टर चेतन शर्मा ने कहा कि ये सारी कवायद वर्कलोड को मैनेज करने के लिए किया जा रहा है। टीम इंडिया जसप्रीत बुमराह के बिना इस वर्ल्ड कप में उतरी है। बुमराह इंजरी के कारण वर्ल्ड कप से बाहर हो गए थे। बाद में उनके मोहम्मद शमी को उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया गया था।एशिया कप में चोट के कारण न खेलने वाले जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में वापसी की थी लेकिन फिर उनके पीठ का दर्द उभर आया और वह वर्ल्ड कप से बाहर हो गए। उस वक्त यह सवाल उठा था कि क्या बुमराह की वापसी को लेकर किसी तरह की कोई जल्दबाजी हुई है लेकिन अब इस पर चेतन शर्मा का बयान आया है।उन्होंने माना कि हमने जसप्रीत बुमराह को लेकर थोड़ी जल्दबाती की। हमने कोशिश की क्योंकि विश्व कप आ रहा था और देखें कि क्या हुआ। हम इस विश्व कप के लिए जसप्रीत बुमराह के बिना हैं।ठएनसीए और मेडिकल टीम उन पर निगरानी रखे हुए हैं और जल्द ही वह टीम इंडिया का हिस्सा होंगे। बांग्लादेश सीरीज में हम उनको लेकर किसी तरह की कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहते हैं। मैं मीडिया से अनुरोध करता हूं कि वो इस बात को समझें कि किसी खिलाड़ियों को आराम देने के पीछे कारण है। किसी भी चयनकर्ता को टीम और कप्तान बदलने का शौक नहीं है। लेकिन इतना क्रिकेट है, हमें अपने खिलाड़ियों के शरीर की देखभाल करते रहना होगा। बुमराह जल्द वापसी करेंगे, एनसीए उनके साथ काम कर रहा है।

# पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी टी20 खेलने वाले इस खिलाड़ी को अब टीम इंडिया से किया गया बाहर, ट्वीट कर दी प्रतिक्रिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के चीफ सेलेक्टर चेतन शर्मा ने सोमवार को टी20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद न्यूजीलैंड दौरे साथ ही बांग्लादेश के खिलाफ क्रिकेट सीरीज के लिए



टीम इंडिया का ऐलान कर दिया। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 व वनडे सीरीज में हिस्सा लेना है तो वहीं बांग्लादेश के खिलाफ वनडे व टेस्ट सीरीज खेलनी है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 व वनडे सीरीज के लिए कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया जबकि बांग्लादेश के खिलाफ वनडे व टेस्ट सीरीज के लिए इन सबको टीम में शामिल किया गया।इन दोनों देशों के खिलाफ होने वाले क्रिकेट सीरीज के लिए टीम में कई युवा खिलाड़ियों तो कुछ नए चेहरे जैसे कि यश दयाल, कुलदीप सेन के एक तरफ जहां मौका मिला तो वहीं रवि बिश्नोई को किसी भी टीम में जगह नहीं मिली। रवि बिश्नोई पिछले कुछ वक्त से लगातार भारतीय टी 20 टीम का हिस्सा बने हुए हैं, लेकिन उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ भी अचानक से ड्राप कर दिया गया। रवि बिश्नोई ने भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2022 में सुपर फोर मुकाबले में खेला था और उस मैच में उन्होंने एक विकेट लिया था साथ ही नाबाद 8 रन की पारी खेली थी। वैसे इस मैच में टीम इंडिया को पाकिस्तान के हाथों हार मिली थी। अब न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने के बाद रवि बिश्नोई ने ट्वीट करते हुए अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। उन्होने ट्वीट करते हुए लिखा 'कमबैक हमेशा सेटबैक के मुकाबले ज्यादा मजबूत होता है'। आपको बता दें कि रवि बिश्नोई ने भारत के लिए अब तक 10 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 16 विकेट लिए हैं और उनका बेस्ट प्रदर्शन 16 रन देकर 4 विकेट रहा है। वहीं उन्होंने भारत के लिए एक वनडे मैच में एक विकेट लिए थेहार्दिक पांड्या (कप्तान), रिषभ पंत (उप-कप्तान), ईशान किशन, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्युकमार यादव, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्रा चहल, कुलदीप यादव, हर्षल पटेल, मो. सिराज, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक।शिखर धवन (कप्तान), रिषभ पंत (उप-कप्तान), शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, युजवेंद्रा चहल, कुलदीप यादव, शाहबाज अहमद, वाशिंगटन सुंदर, उमरान मलिक, कुलदीप सेन, अर्शदीप सिंह, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर।रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), शिखर धवन, विराट कोहली, रतज पाटीदार, श्रेयस अय्यर, राहुल त्रिपाठी, रिषभ पंत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मो. शमी, मो. सिराज, दीपक चाहर, यश दयाल।



# राशिफल



**मेष-**:आज हम परिवार में स्थिति की चर्चा करेंगे, आज हम अपनी मां के साथ कुछ खास करेंगे, जिससे मन में शांति की अनुभूति होगी।

**वृष-**:किसी बड़े मामले में समझौता करने और सहयोग करने के लिए आपको तैयार रहना चाहिए. रुके हुए काम आज पूरे होंगे। इस राशि के लोग जीवनसाथी के साथ डेट पर जा सकते हैं।

**मिथुन-**:आज के दिन नए कार्यों की शुरुआत पर ध्यान देना चाहिए. अगर आप कोई नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा है। का ध्यान रखें और उन्हें हाथ से जाने न दें।

**कर्क-**:आज का दिन परिवार वालों के नाम रहेगा, अच्छा खाएंगे और खूब आराम करेंगे. अगर आपने घर खरीदने की योजना बनाई है तो आज आप इसके बारे में आगे बात करेंगे।

**सिंह-**:आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहेगा। जिन कार्यों को आप काफी समय से पूरा करने का प्रयास कर रहे थे, उन कार्यों के बारे में आप ध्यान से सोचेंगे।

**कन्या-**:आज आपको किसी प्रकार की आर्थिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा. कार्यक्षेत्र में पहले से बनी हुई योजना को किसी के सामने न रखें अन्यथा दूसरा उसका फायदा उठा सकता है।

**तुला-**: आज भाग्य आपका साथ देगा। आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों का दिल जीत लेंगे। आज आप अपने व्यवहार से ऐसे लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंग।


**वृश्चिक-**:व्यापार में विस्तार के साथ ही आप व्यापार जगत में अपनी पहचान बनाएंगे. पिछले कुछ समय से अगर आपका जीवनसाथी रोजमर्रा के कामों में व्यस्त था।

**धनु-**:आज का दिन आपके व्यक्तित्व को निखारने के लिए अच्छा है। आपका अच्छा व्यक्तित्व आपको समाज में एक अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

**मकर-**:आज आपको न तो कोई बड़ा खर्च करना चाहिए और न ही कोई वादा करना चाहिए. यह एक सुखद और आनंददायक दिन होगा। आप भी अपने आप में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-**: आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज ऑफिस में बॉस आपके काम से खुश हो सकते हैं और इनाम के तौर पर प्रमोशन दे सकते हैं।

**मीन-**:आज अगर आपको मदद की जरूरत है तो आज आपके दोस्त और रिश्तेदार पीछे नहीं हटेंगे. आज आपको कुछ महत्वपूर्ण कार्य निपटाने होंगे।





# बारिश कहीं इंग्लैंड की उम्मीदों पर न फेर दे पानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले इंग्लैंड की टीम सबसे फेवरेट टीमों में से एक थी लेकिन फिलहाल स्थिति यह है कि टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद जिंदा रखने के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच जीतना होगा। फिलहाल ग्रुप 1 में इंग्लैंड की टीम 3 मैच खेलकर 3 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर है और न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत उसे प्वाइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंचा सकता है। न्यूजीलैंड ने इस वर्ल्ड कप में जिस तरह का प्रदर्शन किया है उसको देखते हुए इंग्लैंड के लिए यह मुकाबला आसान बिल्कुल नहीं होगी। न्यूजीलैंड ने अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 89 रन से हराया था जबकि तीसरे मैच में श्रीलंका की टीम को 65 रन से करारी शिकस्त दी थी। अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था जहां उसे 1 अंक से संतोष करना पड़ा था। यदि आप भी इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच इस मस्ट विन मैच का आनंद लेना चाहते हैं तो आइए इस मैच से जुड़ी कुछ अहम बातों के बारे में जान लेते हैं।कब होगा इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच यह मैच इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच यह मैच मंगलवार, 1 नवंबर को होगा। कितने बजे होगा इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच यह मैच

# अफगानिस्तान का स्कोर 100 के पार पहुंचा, गंवाया 3 विकेट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप के 32वें मैच में श्रीलंका की टीम अफगानिस्तान से खेल रही है। यह मुकाबला ब्रिसबेन के गाबा मैदान



पर खेला जा रहा है जहां अफगानिस्तान के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। अफगानिस्तान और श्रीलंका की टीम इस मैच में एक-एक बदलाव के साथ उतरी है। खबर लिखे जाने तक अफगानिस्तान ने 14.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 101 रन बना लिए हैं। पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), धनंजय डी सिल्वा, चरिथ असलांका, भानुका राजपक्षे, दसुन शनाका (कप्तान), वानिंदू हसरंगा, महेश तीक्ष्ना, प्रमोद मदुशन, लाहिरू कुमारा, कसुन रजिथा अफगानिस्तान प्लेइंग इलेवन रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), उस्मान गनी, इब्राहिम जादरान, गुलबदीन नायब, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी (कप्तान), अजमतुल्लाह ओमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, फरीद अहमद मलिक, फजलहक फारूकी।फिलहाल श्रीलंका की टीम 3 मैचों में 2 अंकों के साथ ग्रुप 1 में 5वें नंबर पर है जबकि अफगानिस्तान की टीम 2 अंकों के साथ आखिरी पायदान पर है। गौर करने वाली बात यह है कि अफगानिस्तान को यह दोनों अंक बारिश से रद हुए मैचों के बाद मिला है। ग्रुप 1 की बात करें तो बारिश के कारण रद हुए मैचों के बाद इस ग्रुप में अफगानिस्तान को छोड़कर सभी टीमों के सेमीफाइनल का द्वारा खुला है। दोनों देश टी20 मैच में अब तक 3 बार खेले हैं जिसमें दो बार बाजी श्रीलंका ने मारी है। टी20 वर्ल्ड कप की बात करें तो केवल एक बार दोनों टीमें भिड़ी है जिसमें जीत श्रीलंका को मिली है। हालिया एशिया कप में दोनों टीमें दो बार भिड़ी है जहां मुकाबला 1-1 का रहा है।

# मिताली राज ने की भविष्यवाणी, बताया कौन होगी टी20 वर्ल्ड कप की सेमीफाइनलिस्ट और फाइनलिस्ट टीम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 कई मायनों में सबसे अलग है। एक तो इस बार के एडिशन में कई-कई बड़े उलटफेर देखने को मिल रहे हैं तो दूसरी तरफ कई ऐसे



मैच हैं जो बारिश के कारण बिना एक भी गेंद फेंके रद भी हो जा रहा है जिसका खामियाज बड़ी-बड़ी टीमों को भी भुगतना पड़ा है यही कारण है कि अब तक ग्रुप 1 और ग्रुप 2 में अब तक एक भी टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई है लेकिन भारतीय महिला क्रिकेट की पूर्व कप्तान और लीजेंड बल्लेबाज मिताली राज ने न केवल चार सेमीफाइनलिस्ट टीमें बताई है बल्कि उन दो टीमों के भी नाम बताए हैं जो टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल खेलेगी।मिताली राज ने ग्रुप 2 से टीम इंडिया और साउथ अफ्रीका को चुना है जबकि ग्रुप 2 से उन्होंने न्यूजीलैंड को बिना किसी शर्त चुना लेकिन दूसरी टीम को लेकर उन्हें इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में संदेह है। ग्रुप 1 की बात करें तो फिलहाल न्यूजीलैंड की टीम नंबर वन और ऑस्ट्रेलिया की टीम नंबर टू पर है। ग्रुप 2 में साउथ अफ्रीका और भारत की टीम क्रमशः एक और दो नंबर पर है मिताली राज ने फाइनल खेलने वाली दो टीमों के बारे में भी अपना अनुमान बताया। उन्होंने कहा कि एक टीम तो पक्का भारत होगी और दूसरे टीम के तौर पर न्यूजीलैंड की टीम होगी। आपको बता दें कि न्यूजीलैंड ने इस टी20 वर्ल्ड कप में पहले ऑस्ट्रेलिया को और फिर श्रीलंको को आसानी से हराया है। हाल ही में मिताली ने की है कॉमेंट्री में डेब्यू 20 साल के लंबे करियर के बाद मिताली राज ने हाल ही में बतौर कॉमेंटेटर डेब्यू किया है। वह पहली बार पर्थ में खेले गए भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए मैच में कॉमेंट्री पैनल का हिस्सा थीं। हालांकि उनका डेब्यू अच्छा नहीं रहा और उस मैच में साउथ अफ्रीका ने टीम इंडिया को 5 विकेट से हराकर टीम इंडिया के जीत के सिलसिले पर विराम लगाया था।

# रीवाचंल एक्सप्रेसङ्ग कुलदीप सेन का टीम इंडिया में चयन पिता चलाते हैं सैलून की दुकान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने सोमवार को न्यूजीलैंड दौरे के लिए 16 सदस्यीय इंडिया टीम की घोषणा कर दी है। मध्यप्रदेश के



रीवा जिले के रहने वाले कुलदीप सेन को टीम इंडिया में जगह दी गई। टीम इंडिया 18 नवंबर से न्यूजीलैंड में वनडे मैच खेलेगा। कुलदीप सेन का जन्म 28 अक्टूबर 1996 को रीवा के ग्राम हरिहरपुर में हुआ था। पिता रामपाल सेन की सिरमौर चौराहे पर सैलून शॉप चलाते हैं। तीन भाइयों में सबसे बड़े कुलदीप सेन हैं। दूसरे नंबर के भाई राजदीप सेन का मध्यप्रदेश पुलिस में चयन हुआ है। तीसरे नंबर के जगदीप सेन कोचिंग इंस्टीट्यूट चलाते हैं।युवा तेज गेंदबाज कुलदीप सेन पिछले घ्ञ्थ् के सीजन में अपनी गेंदबाजी से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था। कुलदीप राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हैं। पिछले सीजन में लखनऊ सुपर जाएंट के खिलाफ आखिरी ओवर में 14 रन भी बनाए थे। पिछले सीजन के आइपीएल में कुलदीप ने राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए 7 मैच में 8 विकेट लिए थे। कुलदीप सेन को उनकी तेज गेंदबाजी के कारण उन्हें रीवांचल एक्सप्रेस के नाम से भी जाना जाता है। कुलदीप सेन 140-145 की गति से गेंदबाज करने की क्षमता रखते हैं। माना जा रहा है कि न्यूजीलैंड की पिचों पर उन्हें काफी मदद मिल सकती है। आइपीएल खेलने के कारण वह कई न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को गेंदबाजी भी कर चुके हैं। शिखर धवन (कप्तान), रिषभ पंत (विकेटकीपर, उपकप्तान), शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दूल ठाकुर, शहबाज अहमद, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर, कुलदीप सेन और उमरान मलिक।

# भारतीय टीम को ज्यादा से ज्यादा मौकों को गोल में बदलना होगाः हरमनप्रीत सिंह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**भुवनेश्वर।** भारतीय हाकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने यहां एफआइएच पुरुष प्रो लीग में निचली रैंकिंग की स्पेन से मिली हार के बाद कहा कि उनकी टीम को ज्यादा से ज्यादा मौकों को गोल में



बदलकर अच्छे नतीजे हासिल करने होंगे। भारत को रविवार को यहां स्पेन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा जो मौजूदा चरण में उसकी पहली हार है। इसके बाद पेनाल्टी कार्नर से मिले मौकों का फायदा उठाने को लेकर फिर चर्चा शुरू हो गई। भारत ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड पर 4-3 से रोमांचक जीत दर्ज की थी। दुनिया की पांचवें नंबर की भारतीय टीम ने आठवीं रैंकिंग की स्पेन के खिलाफ पांच पेनाल्टी कार्नर हासिल किए, लेकिन टीम एक को ही गोल में बदल पाई जो हरमनप्रीत ने 27वें मिनट में किया। हरमनप्रीत ने कहा, 'हम काफी मौके बना रहे थे। हमें काफी पेनाल्टी कार्नर भी मिले। हम विभिन्न संयोजन और विविधताओं की कोशिश कर रहे थे, लेकिन कभी कभार ये काम नहीं करते। हमें अगले हफ्ते दो और मैच खेलने हैं, इसलिए उम्मीद करते हैं कि हम ज्यादा से ज्यादा मौकों को गोल में बदलने की कोशिश करेंगे।' टीम के लिए एक मैदानी गोल अभिषेक ने 55वें मिनट में किया। भारतीय टीम अब 'रिवर्स चरण' के मुकाबलों में चार नवंबर को न्यूज़ीलैंड और छह नवंबर को स्पेन से भिड़ेगी। हरमनप्रीत ने कहा, 'हम पूरे दबदबे से खेलने की कोशिश करते हैं। इसलिए हम ज्यादा मौके बना सकते हैं। हम काफी पास दे पा रहे थे और प्रतिद्वंद्वी के सर्कल में प्रवेश कर रहे थे, लेकिन हम अपनी 'फिनिशग' में सुधार कर सकते हैं।'

# सम्पादकीय

## केंद्र सरकार की योजनाएं और फंड की कटौती, राशि के सदुपयोग जैसी चुनौतियां


बीते तीन वर्षों में केंद्र सरकार की योजनाओं में से आधे से ज्यादा को या तो बंद कर दिया गया है या फिर उन्हें अन्य योजनाओं में शामिल कर लिया गया है। फरवरी, 2022 तक केंद्र सरकार की 130 योजनाओं में से 65 में सुधार या पुनर्निर्धारण किया गया और उनमें पांच अतिरिक्त योजनाएं जोड़ी गई हैं। सभी मंत्रालयों में इसका अलग-अलग असर पड़ रहा है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 19 योजनाओं में से महज तीन बची हैं- मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और सक्षम आंगनवाड़ी/पोषण 2.0। ऐसे ही पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने 12 योजनाओं को घटाकर सिर्फ दो कर दिया है। इसके अलावा मंत्रालय ने सहकारिता के जरिये डेयरी, राष्ट्रीय डेयरी योजना-घ्घ् सरीखी तीन योजनाएं बंद कर दी है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने अपनी योजनाओं को 20 से घटाकर तीन कर दिया है, जबकि जैविक खेती की राष्ट्रीय परियोजना या राष्ट्रीय कृषि वानिकी परियोजना के बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। क्या इससे बेटर गवर्नेंस के बजाय लेस गवर्नेंस की स्थिति नहीं जाहिर होती? जिन योजनाओं का अस्तित्व बरकरार भी है, उनके आगे फंड की कटौती और राशि के सदुपयोग जैसी चुनौतियां हैं। जून, 2022 तक केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के लिए 1.2 लाख करोड़ रुपये बैंक में पड़े हुए थे। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा में सुधार और आर्थिक-सामाजिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए परियोजनाओं के वित्तपोषण पर ध्यान देने के साथ निर्भया कोष 2013 में शुरू किया गया था। इसके लिए 2013 और 2016 के बीच सालाना 1,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया, पर इसमें से ज्यादातर पैसे का कोई इस्तेमाल नहीं हुआ। निर्भया फंड को वित्त वर्ष 2021-22 तक 6,214 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, पर वास्तव में केवल 4,138 करोड़ रुपये ही वितरित किए गए और उसमें से मात्र 2,922 करोड़ रुपये का उपयोग हुआ। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को 660 करोड़ रुपये का वितरण किया गया, पर जुलाई, 2021 तक मात्र 181 करोड़ रुपये का उपयोग किया जा सका। राज्यों में विभिन्न प्रकार की महिला केंद्रित विकास योजनाओं को दरकिनार या बंद किया जा रहा है। जबकि सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को लगातार जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को भी नहीं बख्शा गया है। उर्वरक सब्सिडी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2020-21 में उर्वरकों पर वास्तविक सरकारी खर्च 1,27,921 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में आवंटन 79,529 करोड़ रुपये था, जिसे बाद में महामारी के कारण संशोधित कर 1,40,122 करोड़ रुपये कर दिया गया। वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में आवंटन 1,05,222 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2011-22 में संशोधित अनुमानों की तुलना में एनपीके उर्वरकों का आवंटन 35 फीसदी कम था। कटौती तब हुई है, जब यूक्रेन युद्ध से उर्वरक की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है। इससे उर्वरक की कमी हुई और किसानों का विरोध बढ़ा। ग्रामीण गरीबों की भी उपेक्षा हुई है। इस साल मनरेगा का आवंटन 25 फीसदी घटाकर 73,000 करोड़ रुपये रखा गया। इस बीच, आर्थिक सर्वेक्षण से पता चला कि इस योजना की मांग महामारी से पहले की तुलना में अधिक थी, क्योंकि ग्रामीण संकट जारी था। अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि मनरेगा के लिए वास्तविक धन वितरण में अक्सर देरी हुई है, जिससे योजना के प्रति विश्वास डिगा है। ग्रामीण गरीबों को तत्काल रोजगार और आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिए गरीब कल्याण रोजगार अभियान 20 जून, 2020 को 125 दिनों की अवधि के लिए शुरू किया गया था। इसके तहत 39,293 करोड़ रुपये के कुल खर्च पर रोजगार प्रदान किया गया। अलबत्ता इसके लिए 50,000 करोड़ रुपये का घोषित बजट था। ध्यान रखना चाहिए कि इस योजना में 15 अन्य योजनाओं को शामिल किया गया है। अनौपचारिक नौकरियों की तलाश करने वाले छह से 10 करोड़ प्रवासी श्रमिकों के लिए ऐसी योजना पर्याप्त नहीं थी। लिहाजा ऐसी योजना का विस्तार किया जाना चाहिए था। हम उन लाखों लोगों के लिए रोजगार कैसे बढ़ाएंगे, जिन्हें कारखानों और सेवा क्षेत्र में नियोजित नहीं किया जा सकता स्वास्थ्य कर्मी भी अब बजट कटौती की चपेट में आ रहे हैं। मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा), जो सरकार द्वारा किसी भी स्वास्थ्य देखभाल योजना की अग्रिम पंक्ति हैं।

## मानगढ़ धाम राष्ट्रीय स्मारक घोषित, पीएम बोले लाखों आदिवासियों के नायक थे गोविंद गुरु



राजस्थान के बांसवाड़ा जिले पहुंचे पीएम मोदी ने मंगलवार को बड़ा एलान किया। मोदी ने मानगढ़ धाम में स्वतंत्रता सेनानी श्री गोविंद गुरु की श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही मोदी ने बड़ा एलान करते हुए मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर दिया है। मोदी 'मानगढ़ धाम की गौरव गाथा' में शामिल हुए। इस दौरान राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान और गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के 'अमृत महोत्सव' में हम सभी का मानगढ़ धाम आना, ये हम सभी के लिए प्रेरक और सुखद है। मानगढ़ धाम जनजातीय वीर-वीरांगनाओं के तप, त्याग, तपस्या और दे?श?भक्ति का प्रतिबिंब है। ये राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की साझी विरासत है। मोदी ने कहा कि गोविंद गुरु जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी भारत की परंपराओं और आदर्शों के प्रतिनिधि थे। वह किसी रियासत के राजा नहीं थे लेकिन वह लाखों आदिवासियों के नायक थे। अपने जीवन में उन्होंने अपना परिवार खो दिया, लेकिन हौसला कभी नहीं खोया। पीएम ने आगे कहा कि 17 नवंबर 1913 को मानगढ़ में जो नरसंहार हुआ वह अंग्रेजी हुकूमत की क्रूरता की पराकाष्ठा थी। दुनिया को गुलाम बनाने की सोच मानगढ़ की इस पहाड़ी पर अंग्रेजी हुकूमत ने 1500 से ज्यादा लोगों को घेरकर के उन्हें मौत के घाट उतारा था। दुर्भाग्य से आदिवासी समाज के इस बलिदान को इतिहास में जो जगह मिलनी चाहिए वह नहीं मिली। आज देश उस कमी को पूरा कर रहा है। भारत का अतीत, इतिहास, वर्तमान और भविष्य आदिवासी समाज के बिना पूरा नहीं होता है। हमारी आजादी की लड़ाई का पग-पग, इतिहास का पन्ना-पन्ना आदिवासी वीरता से भरा पड़ा है। मोदी ने कहा, 'गोविंद गुरु का वो चिंतन, वो बोध, आज भी उनकी धुनी के रूप में, मानगढ़ धाम में अखंड रूप से प्रकाशित हो रहा है। सम्प सभा के आदर्श, आज भी एकजुटता, प्रेम और भाईचारा की प्रेरणा दे रहे हैं। 1780 में संथाल में तिलका मांझी के नेतृत्व में दामिन संग्राम लड़ा गया। 1830-32 में बुधू भगत के नेतृत्व में देश लरका आंदोलन का गवाह बना। 1855 में आजादी की यही ज्वाला सिधु-कान्हू क्रांति के रूप में जल उठी। भगवान बिरसा मुंडा ने लाखों आदिवासियों में आजादी की ज्वाला प्रज्ज्वलित की।' पीएम ने कहा कि देश में आदिवासी समाज का विस्तार और भूमिका इतनी बड़ी है कि हमें उसके लिए समर्पित भाव से काम करने की जरूरत है। राजस्थान और गुजरात से लेकर पूर्वोत्तर और उड़ीसा तक विविधता से भरे आदिवासी समाज की सेवा के लिए आज देश स्पष्ट नीति के साथ काम कर रहा है। क्या बोले अशोक गहलोत इससे पहले राजस्थान की सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री दुनिया के कई देश में जाते है तो बेहद सम्मान मिलता है और सम्मान क्यों मिलता है? क्योंकि मोदी जी उस देश के प्रधानमंत्री है जो गांधी का देश है, जहां लोकतंत्र की जड़े मजबूत है। उन्होंने कहा कि मानगढ़ धाम में जो इतिहास रचा गया है, वो देश के स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया हैमानगढ़ ब्रिटिश शासनकाल के जघन्य नरसंहार का गवाह है। 17 नवंबर 1913 को अंग्रेजों ने अचानक निहत्थे आदिवासियों पर फायरिंग कर दी थी। उस वक्त, हजारों आदिवासी मानगढ़ पहाड़ी पर गुरु गोविंद की सभा में जुटे थे। तभी ब्रिटिश सैनिकों ने चारों ओर से घेरकर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। बताया जाता है ।

## पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र और हादसों को रोकने की कवायद



गुजरात के मोरबी पुल की त्रासदी ने पूरे देश को हिला दिया है। मच्छु नदी पर बनाया सस्पेंशन ब्रिज यानी झूलने वाला पुल पर्यटकों के आकर्षण का बड़ा कारण था। लेकिन कौन जानता था, वहां पहुंचे लोगों में बड़ी संख्या के लिए यह अंतिम दिन होगा। किसी भी त्रासदी में सौ से अधिक लोगों का अंत हो जाना सामान्य घटना नहीं होती। गुजरात जैसे प्रदेश में, जहां बचाव और राहत की मजबूत टीमें हैं, इतनी संख्या में लोगों की मृत्यु बताती है कि घटना कितनी विकराल थी। वहां एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ तैराकों, दमकलों व वायुसेना के कमांडो, रेस्क्यू नाव आदि सब कुछ होने के बावजूद दूसरे दिन भी लापता लोगों का पता नहीं लग सका और इस कारण मृतकों की संख्या बताना कठिन हो गया। यह प्राकृतिक आपदा नहीं है। न बाढ़ आया, न तूफान और निरपराध लोग जान गंवा बैठे। पुल के रख-रखाव की जिम्मेदारी वाले ओरेवा ग्रूप पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज हो गया है। जांच के लिए समिति भी बना दी गई है। निस्संदेह, इस समय आप किसी भी कारण को खारिज नहीं कर सकते। अभी तक की जानकारी इतनी है कि पुल कमजोर था। करीब डेढ़ सौ वर्ष पुराना पुल कमजोर और जोखिम भरा था, तभी मरम्मत के लिए छह माह पहले बंद कर दिया गया था। ओरेवा ग्रुप ने इसकी मरम्मत की तथा 26 अक्तूबर को लोगों के लिए खोला गया। यानी चार दिन पहले खुला और पांचवें दिन की शाम को पुल टूट गया। यह कैसे संभव है कि एक कंपनी पुल की मरम्मत में इतनी कोताही बरते कि वह चार दिन भी न चल पाए वहां के नगर निगम का कहना है कि उस पुल की क्षमता 100 लोगों की है, लेकिन 500 से अधिक लोग उस पर इकट्ठा थे। तो निर्धारित संख्या से ज्यादा लोग आए क्यों? यदि निर्धारित संख्या तक ही टिकट काटा जाता तथा समय सीमा तय कर लोगों को बाहर निकाल कर फिर नए लोगों को प्रवेश कराया जाता, तो यह हादसा नहीं होता। इतने पुराने पुल पर तय संख्या से ज्यादा टिकट काटकर लोगों को जाने दिया गया, तो दुर्घटना को निमंत्रण देने जैसा व्यवहार था। नगर निगम का तर्क है कि फिटनेस सर्टिफिकेट लिए बिना ही कंपनी ने इसे चालू कर दिया। यह हैरत की बात है कि नगर निगम की सहमति के बगैर कंपनी ने पुल को खोल दिया होगा।

## ब्लू टिक मिलते ही फंस गया

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने लोगों को अभिव्यक्ति की आजादी दी। सामान्य लोगों को भी पत्रकार बनने का मौका दिया लेकिन है तो निजी व्यवसायिक संस्थान ही। अंततः अपने व्यवसायिक हितों को साधना ही उनका परम कर्तव्य है। एलन मस्क तो खाटी व्यवसायी हैं, वो जानते हैं कि इस नीले टीके की बाजार में कितनी मारा मारी है, लिहाजा इसका व्यवसायिक फायदा तो उठाएंगे ही। आप तो वरिष्ठ पत्रकार हैं, आपका ट्विटर हैंडल वेरिफाईड क्यों नहीं है बहुत ही सामान्य सवाल जिसे मैं बहुत दिनों तक सुनता आया। हमारी टीम के जूनियर साथियों ने फटाफट अपने ट्विटर हैंडल वैरिफाईड करवा लिए। किसी के 50 फॉलोअर किसी के 10 भी नहीं। नीला टीका लगाए कई ऐसे पत्रकार जिनके बारे में कभी सुना नहीं वो भी ट्विटर पर करतब दिखाते रहे। जिसे ये टीका मिला वही चौड़ा हो गया। बिना टीके वालों को हेय दृष्टि से देखा जाने लगा।

## मा0 राष्ट्रपति ने आम लोगों, किसानों, उद्योगपतियों और विशेषकर बच्चों से जल संरक्षण को अपनी नैतिकता का हिस्सा बनाने की अपील की

नोएडा भारत की मा0 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज जनपद गौतम बुद्ध नगर के इण्डिया एक्स्पो मार्ट ग्रेटर नोएडा में सातवें भारत जल सप्ताह का किया उद्घाटन। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना करना असंभव है। भारतीय सभ्यता में जल जीवन में ही नहीं जीवन के बाद की यात्रा में भी महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी जल स्रोतों को पवित्र माना जाता है। लेकिन फिलहाल स्थिति पर नजर डालें तो स्थिति चिंताजनक लगती है। बढ़ती आबादी के कारण हमारी नदियों और जलाशयों की हालत बिगड़ रही है, गांव के तालाब सूख रहे हैं और कई स्थानीय नदियां विलुप्त हो गई हैं। कृषि और उद्योगों में पानी का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है। पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, मौसम का मिजाज बदल रहा है और बेमौसम अत्यधिक वर्षा आम हो गई है। ऐसे में जल प्रबंधन पर चर्चा करना बहुत ही सराहनीय कदम है। राष्ट्रपति ने कहा कि पानी का मुद्दा न केवल भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक है। यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है क्योंकि उपलब्ध मीठे पानी की विशाल मात्रा दो या दो से अधिक देशों के बीच फैली हुई है। इसलिए, यह संयुक्त जल संसाधन एक ऐसा मुद्दा है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय सहयोग आवश्यक है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि 7वें भारत जल सप्ताह में डेनमार्क, फिनलैंड, जर्मनी, इजराइल और यूरोपीय संघ भाग ले रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस मंच पर विचारों और प्रौद्योगिकियों के आदान-प्रदान से सभी लाभान्वित होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि पानी कृषि के लिए भी एक प्रमुख संसाधन है। एक अनुमान के अनुसार हमारे देश में लगभग 80 प्रतिशत जल संसाधन का उपयोग कृषि कार्यों के लिए किया जाता है। इसलिए जल संरक्षण के लिए सिंचाई में पानी का उचित उपयोग और प्रबंधन बहुत जरूरी है। इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एक प्रमुख पहल है। देश में सिंचित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए यह राष्ट्रव्यापी योजना लागू की जा रही है। जल संरक्षण लक्ष्यों के अनुरूप, इस योजना में प्रति बूंद अधिक फसल सुनिश्चित करने के लिए सटीक-सिंचाई और जल बचत प्रौद्योगिकियों को अपनाने की भी परिकल्पना की गई है। राष्ट्रपति ने कहा कि बढ़ती आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना आने वाले वर्षों में एक बड़ी चुनौती होगी। पानी का मुद्दा बहुआयामी और जटिल है, जिसके लिए सभी हितधारकों को प्रयास करने चाहिए। हम सभी जानते हैं कि पानी सीमित है और केवल इसका उचित उपयोग और पुनर्चक्रण ही इस संसाधन को लंबे समय तक बनाए रख सकता है। इसलिए, हम सभी को इस संसाधन का सावधानीपूर्वक उपभोग करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने लोगों से इसके दुरुपयोग के बारे में जागरूक होने और दूसरों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस 7वें जल सप्ताह के दौरान विचार-मंथन के परिणाम इस पृथ्वी और मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने आम लोगों, किसानों, उद्योगपतियों और विशेषकर बच्चों से जल संरक्षण को अपनी नैतिकता का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इसी तरह हम आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर और सुरक्षित कल का तोहफा दे पाएंगे। उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल महोदया आनंदीबेन पटेल ने इस अवसर पर भारत की मा0 राष्ट्रपति महोदया का आभार एवं अभिनंदन करते हुये अपने उद्गार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भारत के विकास में पानी की कमी बाधा ना बन सके, इसके लिए काम करते रहना हम सभी का दायित्व है, सबका प्रयास बहुत आवश्यक है। हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के प्रति भी जवाबदेय हैं। पानी की कमी की वजह से हमारे बच्चे अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में न लगा पाए, उनका जीवन पानी की किल्लत से निपटने में ही बीत जाए, यह हमें नहीं होने देना है, इसके लिए हमें युद्ध स्तर पर अपना काम जारी रखना होगा। आजादी के 75 साल का समय बीत गया है, अब हमें बहुत तेजी से कार्य करना है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि देश के किसी भी हिस्से में टेंकरों या ट्रेनों से पानी पहुंचाने की फिर नौबत न आए। उन्होंने कहा कि गांधी जी कहते थे कि ग्राम स्वराज का वास्तविक अर्थ आत्म बल से परिपूर्ण होना है। इसलिए हमारा निरंतर यह प्रयास होना चाहिए कि ग्राम स्वराज कि यह सोच सिद्धियों की तरह आगे बढ़े। ग्राम स्वराज का मतलब सिर्फ पंचायतों में चुनाव कराना ही नहीं होता। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा जल और स्वच्छता के लिए आज एक तरफ जहां ग्राम पंचायतों को ज्यादा से ज्यादा अधिकार दिए जा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर पारदर्शिता का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। सरकार की प्रतिबद्धता का एक बड़ा प्रमाण जल जीवन मिशन और पानी समितियां भी हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन स्कीम के तहत अब तक 17.8 करोड़ से अधिक ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया है, जिनमें 3.27 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को जल का कनेक्शन प्रदान किया गया है।






उन्होंने कहा कि पानी का मूल्य वह समझता है , जो पानी के अभाव में जीता है। कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में भी पानी की बहुत बड़ी भूमिका है। हर घर जल पहुंचेगा तो बच्चों का स्वास्थ्य भी सुधरेगा। हमारे सामने अनेक महानुभाव के उदाहरण हैं, जिन्होंने जल संरक्षण जल संचयन को अपने जीवन का सबसे बड़ा मिशन बनाया हुआ है। हमें भी ऐसे लोगों से सीख लेते हुए प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने दुनिया को दिखाया है कि हम भारत के लोग दृढ़ संकल्प के साथ सामूहिक प्रयासों से कठिन से कठिन लक्ष्य को भी हासिल कर सकते हैं हमें एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाना है। सातवें भारत जल सप्ताह कार्यक्रम के अवसर पर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए सर्वप्रथम भारत के माननीय राष्ट्रपति महोदया द्रोपदी मुर्मू जी का उत्तर प्रदेश की धरती पर पहली बार आगमन होने पर उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उनका स्वागत एवं हार्दिक अभिनंदन किया। मा0 मुख्यमंत्री जी ने भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने भारत का प्रधानमंत्री बनते ही उच्च प्राथमिक विषय उपलब्ध कराएं, जिनमें से एक स्वच्छता पेयजल आपूर्ति भी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है, जहां पर उपयुक्त अवसर है। कहा जाता है कि जहां की आबादी सर्वाधिक होती है वहां पर जीवन यापन करने के लिए उपयुक्त अवसर होते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य में भूगर्भ जल, सरफेस जल का पर्याप्त जल संसाधन है। उत्तर प्रदेश के क्रिटिकल जनपदों जैसे बुंदेलखंड के अंतर्गत आने वाले जनपद तथा बिंद क्षेत्र पर वर्तमान समय में सतही जल का पर्याप्त भंडारण हैं और हम भविष्य में भी भंडारण एवं जल का संरक्षण करने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से पिछले साढे 5 वर्षों में जल का प्रबंधन बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों एवं विंद क्षेत्रों में अधिक से अधिक हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हिमालय से आने वाली ज्यादातर नदियां सिल्ट लेकर उत्तर प्रदेश में प्रवेश करती थी, जहां पर उनका चैनेलाइज नहीं हो पाया था, जिसमें से कुछ छोटी नदियां लुप्त प्राय हो गई थी, लेकिन वर्तमान समय में हमने उन नदियों को जीवित करने के लिए निरंतर प्रयास करते हुए 60 से अधिक नदियों को पुनर्जीवित करके उनमें जल संचालन का कार्य सुनिश्चित किया है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने नमामि गंगा परियोजना के लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना से काफी अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे हैं, जिसमें से उत्तर प्रदेश में मां गंगा नदी के किनारे बसे शहर कानपुर में 14 लाख लीटर शिविर का पानी गंगा में गिरने के कारण मां गंगा जैसी नदी को प्रदूषित करता था, लेकिन वर्तमान समय में कानपुर शहर के शीशामऊ में शिविर पॉइंट पूरी तरह से समाप्त करने की कार्रवाई उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा सुनिश्चित की गई और आज वही पॉइंट सेल्फी प्वाइंट के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि पहले के समय में कानपुर शहर की गंगा नदी में एक भी जलीय जीव नहीं पाया जाता था, लेकिन वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश सरकार के अथक प्रयासों से गंगा नदी में डॉल्फिन एवं अन्य जलीय जीव भी पाए जाते हैं। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले कुम्भ के मेले में मानवता के लिए व्यापक पैमाने पर सांस्कृतिक आयोजन एवं देश दुनिया से श्रृद्धालुओं का जनसैलाब आता है, इसी नमामि गंगा परियोजना के द्वारा मां गंगा का जल निर्मल एवं पवित्र होने के कारण वर्तमान समय में श्रृद्धालु स्नान करने के उपरांत अपने आप को पवित्र एवं गौरवान्वित महसूस करते है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत सरोवर योजना के द्वारा उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों में 58 हजार तालाबों का निर्माण किया जा चुका है, जिससे उत्तर प्रदेश में जल का संचयन के साथ साथ रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने वाटर हार्वेस्टिंग पर जोर देते हुये कहा कि घरों एवं सरकारी भवनों मे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करायें जाने की कार्रवाई निरन्तर स्तर पर की जा रही है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्वच्छता के लिए वर्ष 2018 में प्लास्टिक एवं थर्माकोल के प्रयोग पर रोक लगाकर मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए भी जन सामान्य को प्रेरित किया गया, जिसके द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाने वालो के लिए सब्सिडी, विद्युत एंव मुफ्त मिट्टी सुविधा मुहैया करायी गयी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समय जल जीवन मिशन के तहत मा0 प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों द्वारा वर्ष 2022 तक बिंद एवं बुंदेलखण्ड क्षेत्रों में देश दुनिया से आने वाले व्यक्ति अपने आप में आंनद की अनुभूति का एहसास करेंगे। जल जीवन मिशन के तहत मा0 प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करते हुये बिंद एवं बुंदेलखण्ड क्षेत्रों में हर घर जल पहुंचाने की कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर भारत सरकार के मा0 जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, भारत सरकार के मा0 राज्य मंत्री बिश्वेश्वर तुडु, भारत सरकार के मा0 राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पुलिस आयुक्त आलोक सिंह, मण्डलायुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे0, प्रभारी जिलाधिकारी एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा/ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण ऋतु माहेश्वरी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं देश व विदेश के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

## योगशाला पर फिर आमने-सामने दिल्ली सरकार और एलजी सिसोदिया के आरोप पर एलजी सचिवालय का आया जवाब

दिल्ली की योगशाला पर एक बार फिर से दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल आमने सामने दिख रहे हैं। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर आरोप लगाया कि दिल्ली की योगशाला को जारी रखने का मेरा प्रस्ताव मुख्यमंत्री अरविंद





केजरीवाल की मंजूरी के बाद एलजी साहब को भेजा गया था, जिस पर अभी तक उन्होंने खुद कोई निर्णय नहीं लिया है। लेकिन इस बीच अफ़सरों से मुफ़्त योग क्लास बंद करने का निर्णय करा दिया गया है। इस मामले में एलजी सचिवालय के सूत्रों ने कहा कि एलजी कार्यालय को अभी तक योगशाला कार्यक्रम को 31 अक्टूबर से आगे बढ़ाने की अनुमति मांगने वाली कोई फाइल नहीं मिली है, इसलिए यह कहना गलत है कि एलजी ने कार्यक्रम के विस्तार को मंजूरी नहीं दी है, जिसके कारण इसे बंद किया जा रहा है। एक नवंबर से हो जाएगा बंद दिल्ली सरकार की ओर से डेढ़ साल पहले शुरू किया गया 'दिल्ली की योगशाला' कार्यक्रम एक नवंबर को बंद हो जाएगा। दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (डीपीएसआरयू) की बोर्ड आफ गवर्नेंस से दिल्ली की योगशाला प्रोग्राम को एक्सटेंशन मिलने के बाद उपराज्यपाल (एलजी) से इसे आगे जारी रखने की अनुमति नहीं मिल सकी। इसके चलते दिल्ली में जगह-जगह पार्कों में रोजाना लगने वाली योग की कक्षाएं मंगलवार से नहीं लगेंगी।इस संबंध में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एक ट्वीट कर कहा कि यूनिवर्सिटी का बोर्ड चाहता है कि दिल्ली के आम लोगों के लिए योगशाला चले। सरकार ने बजट भी दे रखा है, लेकिन फिर भी अफसरों को डरा-धमका कर दिल्ली की योगशाला बंद करने का आदेश जारी करा दिया गया है। फिलहाल एक नवंबर से दिल्ली के पार्कों में योग की 590 कक्षाएं बंद हो जाएंगी। इससे लाभांवित हो रहे 17 हजार लोग प्रभावित होंगे।दिल्ली की योगशाला प्रोग्राम को जारी रखने को लेकर गत 28 अक्टूबर को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एलजी वीके सक्सेना से मुलाकात की थी और योग कक्षाओं को न रोकने का निवेदन किया था। उन्होंने निवेदन करते हुए हवाला दिया था कि योग कर रहे 17 हजार लोगों में से अधिकतर पोस्ट कोविड से प्रभावित हैं। उनको स्वस्थ रखना सरकार की जिम्मेदारी है इसलिए इसे न रोका जाए। तब एलजी ने आश्वासन दिया था कि वे सारे पेपर देखेंगे और कुछ भी गलत नहीं होने देंगे। सेंटर फार मेडिटेशन एंड योग साइंसेज (सीएमवाईएस) की स्थापना दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज और रिसर्च यूनिवर्सिटी के सहयोग से की गई थी। सीएमवाईएस ने डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए और इसके लिए 650 से अधिक छात्रों को नामांकित किया। इन छात्रों को योग प्रशिक्षक बनने के लिए प्रशिक्षित और प्रमाणित किया गया है। ये सभी विभिन्न स्थानों पर लोगों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। दिल्ली सरकार का कहना है कि इस कार्यक्रम के तहत राजधानी के लोग सार्वजनिक पार्कों, आरडब्ल्यूए, सामुदायिक भवनों आदि में योग कर रहे थे। इस पहल के जरिये लोगों में योग और ध्यान की मदद से सकारात्मक सोच उत्पन्न हो रही है और योग के प्रति लोगों में अधिक जागरूकता आ रही है। दिल्ली सरकार इच्छुक लोगों के समूह को योग कराने के लिए प्रशिक्षक उपलब्ध कराती है। प्रत्येक समूह में कम से कम 25 सदस्य होते हैं। अब इस कार्यक्रम पर विराम लगने से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। एलजी दफ्तर को नहीं मिली योग कार्यक्रम के एक्सटेंशन संबंधी फाइल- सूत्र अक्सर विभिन्न मुद्दों पर आमने-सामने दिखाई देने वाले दिल्ली सरकार व राजनिवास के बीच एक नए मुद्दे को लेकर फिर से टकराव दिखाई दे रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में घने कोहरे के कारण हुए हादसे में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के तीन छात्रों की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**हैदराबाद।** अमेरिका में तेलुगू राज्यों तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के तीन छात्रों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह जानकारी उनके परिवारों ने दी है। मंगलवार को अमेरिका के कनेक्टिकट राज्य में एक ट्रक और एक मिनी वैन की जोरदार टक्कर यह दुर्घटना हुई। मृतक के परिजनों तक पहुंची सूचना के अनुसार, मिनी वैन में आठ लोग सवार थे। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक अन्य व्यक्ति को मामूली चोट आई हैं। मृतकों में से दो, जिनमें एक महिला भी शामिल है, वे तेलंगाना के रहने वाला है, जबकि हादसे का तीसरा शिकार पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश का था। मृतकों की पहचान प्रेम कुमार रेड्डी (हैदराबाद), पवानी (वारंगल) और वी. साई नरसिम्हा (पूर्वी गोदावरी) के रूप में हुई है।

# छठ व्रत से सभी मनोरथ पूर्ण होते है- शैलेन्द्र मिश्रा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही लोक आस्था एवं सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ का समापन



हुआ। उगते सूर्य की उपासना के बाद छठ व्रतियों ने पारण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा।इस अवसर पर छठ पूजा समिति सेक्टर -82 के अध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्र ने पॉकेट -7 सेन्ट्रल पार्क में उगते हुए सूर्य को अर्घ दिया एवं भगवान भास्कर से कहा की विश्व का कल्याण करे सूर्योपासना करने से छठी माता प्रसन्न होकर परिवार में सुख, शांति, धन-धान्य से परिपूर्ण करती हैं। सूर्यदेव की पूजा, अनुष्ठान करने से अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है।व्रती का 36 घंटे से चले आ रहे निर्जला उपवास भी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होगा। सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रती पारण करेंगी।एवं छठ पूजा करने से हर मनोकामना पूरा होता है सरकार छठ पूजा पर अवकाश घोषित करे।इस अवसर पर शैलेन्द्र मिश्र ,मुरारी झा ,किशुन जी झा ,संतोष यादव ,रमेश वर्मा ,रणजीत पटेल , पपु सिंह ,अशोक दास,राम भरोष झा राम बाबू झा ,विजय झा ,महाकाली देवी ,रानी झा ,राघव झा ,किशन यादव ,मनीष झा ,बलराम कर्ण,अरुण ठाकुर , प्रेम चंद्र झा ,अमित गुप्ता ,अभिनाश नंदन शर्मा ,अजय झा , अजय जी , विजय झा ,विपिन झा ,मदन मिश्र , संजय शुक्ला काफी लोग उपस्थित हुए।

# गुजरात का पुल टूटना सरकार की नाकाबी दर्शाता है- प्रमोद तिवारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** प्रमोद तिवारी, सांसद, राज्य सभा, एवं सदस्य, स्टीयरिंग कमेटी एवं श्रीमती आराधना मिश्रा, नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल, उत्तर प्रदेश ने कहा है कि हम गुजरात के मच्छु नदी पर मोरबी में हुये पुल हादसे की घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुये



मृतकों को श्रद्धांजलि देते हैं और जो जीवन मौत के बींच अस्पताल में संघर्ष कर रहे हैं उन सैकड़ों लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं । इस हादसे मे 141 से अधिक लोगों की मौत हो गयी तथा सैकड़ों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं, जो जीवन और मौत के बींच जूझ रहे हैं । नेता द्वय ने कहा है कि यह हादसा मात्र दुर्घटना नहीं बल्कि गुजरात सरकार के भ्रष्टाचार का सर्वाधिक ''क्रिमिनल अपराध'' है । जानकारी मुताबिक 6 माह पहले से इस पुल के मरम्मत का कार्य चल रहा था और तीन- चार दिन पहले ही इसे खोला गया है। इस पुल पर एक समय में 100 से अधिक लोगों के एक साथ जाने की इजाजत नहीं थी, परन्तु 50 रुपये का टिकट लेकर लगभग 500 लोग पुल पर पहुँच गये। इस पुल का ''फिटनेस सर्टिफिकेट'' यदि गुजरात सरकार ने नहीं दिया था तो बींच शहर में स्थित इस पुल का टिकट बेंचकर पैसा कमाने के लिये अनुमति कैसे मिली गुजरात पुलिस क्या इतने बड़े अपराध की मूकदर्षक थी या साझीदार ? यह पुल भी मोरबी के राजा ने बनवाया था, और वर्तमान में इसके रख रखाव की जिम्मेदारी गुजरात सरकार एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की थी, तो इसे कैसे एक प्राइवेट कम्पनी को दिया गया नेता द्वय ने कहा है कि इसीलिये कांग्रेस पार्टी हमेषा हर चीज के निजीकरण का विरोध करती है। हम दिल्ली में देख चुके हैं कि ''लाल किले'' के रख रखाव की जिम्मेदारी भारतीय जनतापार्टी के एक मित्र पूजीपति को दिया गया है, जहां पर हमारी आजादी के संघर्ष के प्रतीक स्वरूप ''राष्ट्रीय ध्वज'' लहराता है । नतीजे के तौर पर किसान आन्दोलन को बदनाम करने के लिये भारतीय जनतापार्टी के अत्यंत करीबी कुछ अराजक तत्वों द्वारा ''राष्ट्रीय ध्वज'' को अपमानित करने हेतु एक दूसरा ध्वज लगाया गया । यदि कांग्रेस सरकार के समय से चली आ रही व्यवस्था लागू रहती और राष्ट्रीय ध्वज और लाल किले की हिफाजत भारतीय सेना करती तो सब कुछ बच जाता और किसी की हिम्मत नही होती ऐसा दुस्साहस करने की, परन्तु भारतीय जनतापार्टी ने इससे कोई सबक नहीं सीखा । नेता द्वय ने इस हादसे पर पुनः अपनी संवेदना व्यक्त करते हुये कहा है कि निःसंदेह लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की ''जयन्ती'' की पूर्व सन्ध्या पर हुये इस भीषण अपराधिक कृत्य ने सर्वाधिक चोट और कष्ट सरदार पटेल जी की आत्मा को पहुँचाया है । नेता द्वय ने कहा है कि मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुये हम इस भीषण घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं, तथा राहत कार्य में जुटे हुये सभी नागरिकों, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और तमाम एजेंसियों की प्रषंसा करते हुये उन्हें इस राहत कार्य में सफल होने की शुभकमना देते हैं । नेता द्वय ने कहा है कि आज पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इन्दिरा गांधी जी का ''बलिदान दिवस'' है तथा देष की एकता और अखण्डता की नींव रखने पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय गृह मन्त्री सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती है । एक ने जहां देश की एकता और अखण्डता के लिये अपना सर्वोच्च बलिदान दिया और देश को सषक्त बनाया, वहीं दूसरे ने देश की आजादी के बाद देश की एकता व अखण्डता के लिये अपने प्राणों की आहुति दी ।

# सोना 146 रुपये टूटा, चांदी में 794 रुपये की गिरावट

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में कमजोरी के रुख और रुपये के मूल्य में सुधार के कारण दिल्ली




सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 146 रुपये की गिरावट के साथ 50,612 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी. इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 50,758 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था. राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत भी 794 रुपये की गिरावट के साथ 57,305 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई. अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना नुकसान के साथ 1,641.8 डॉलर प्रति औंस रह गया जबकि चांदी गिरावट के साथ 19.08 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी. घरेलू शेयर बाजार में तेजी का होना था: अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार के आरंभिक कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे सुधरकर 82.32 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर जा पहुंचा. इसका कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट और घरेलू शेयर बाजार में तेजी का होना था. एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''सोने की कीमतों में गिरावट का रुख है और यह दशक के सबसे लंबी मासिक गिरावट के दौर में है. अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल के बढ़ने और डॉलर इंडेक्स के मजबूत होने से सोने के हाजिर भाव का परिदृश्य कमजोर प्रतीत होता है।

# बिजली मीटर रीडिंग लेने आने वालों से पहले मांगें आईडी कार्ड

## योगी सरकार ने बिजली चेकिंग की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए जारी किए दिशा निर्देश

(आधुनिक समाचार सेवा)
**लखनऊ।** बिजली की मीटर रीडिंग लेने आने वालों द्वारा कुछ अवांछनीय घटनाओं को देखते हुए प्रदेश की योगी सरकार ने उपभोक्ताओं की सुरक्षा के दृष्टिगत महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा



निर्देशों में उपभोक्ताओं के अधिकार सुनिश्चित किए गए हैं तथा बिजली चेकिंग की व्यवस्था पारदर्शक बनाने का प्रयास किया गया है। इसके अंतर्गत अब उपभोक्ता मीटर रीडिंग लेने आने वालों का परिचय पत्र देख सकेंगे, मीटर रीडिंग लेते वक्त उसके साथ फोटो खींच सकेंगे। इसके अलावा मीटर रीडर के लिए भी तत्काल रीडिंग अपलोड करने समेत कुछ अन्य सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने खुद इस शासनादेश की प्रति को ट्वीट के माध्यम से साझा किया है। यूपीपीसीएल के महाप्रबंधक द्वारा यह शासनादेश मुख्यतः लखनऊ, कानपुर, मेरठ, वाराणसी एवं आगरा विद्युत वितरण निगम लि. के लिए जारी किया गया है। निगरानी बढ़ाने के निर्देश शासनादेश में कहा गया है कि विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत चेकिंग के नाम पर भ्रम में डालकर या डराकर अवांछनीय तत्वों द्वारा अनुचित लाभ लेने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उपभोक्ताओं के हित का संरक्षण करने के लिए एवं उन्हें किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचाने हेतु उपभोक्ताओं को सतर्क करके निगरानी बढ़ाया जाना आवश्यक है एवं साथ ही निगमीय अधिकारियों / कार्मिकों द्वारा भी जांच करते समय सावधानियां बरता जाना आवश्यक है उपभोक्ता रखें सावधानियां जब भी कोई चेकिंग टीम / व्यक्ति विद्युत संयोजन की जांच करने आते हैं, तो सब से पहले उनका पहचान-पत्र (आईडी कार्ड) मांग कर अवश्य देखा जाए। मीटर की चेकिंग के समय चेकिंग टीम के साथ अपनी जियोटैग फोटो इस प्रकार लें कि मीटर की रीडिंग के साथ तिथि व समय भी फोटो पर अंकित हो जाए। जियो फोटो पर लोकेशन, तारीख, दिनांक आदि विवरण अंकित रहता है। जियोटैग फोटो हेतु मोबाइल में प्ले स्टोर पर इसके लिये अनेक एप निशुल्क उपलब्ध है। जांच के विषय में किसी भी प्रकार की शंका / समस्या या शिकायत होने पर टॉल फ्री नम्बर 1912 पर सम्पर्क करें। आवश्यक होने की स्थिति में चेकिंग टीम के सदस्यों से उनके निगमीय कार्यालय में ही मिले। चेकिंग टीम भी रहे सतर्क जब भी कोई चेकिंग टीम / कार्मिक विद्युत संयोजन की जांच करने जाएं तो सबसे पहले उपभोक्ता को अपना पहचान-पत्र (आईडी कार्ड) अवश्य दिखाएं एवं अपनी तैनाती का पूर्ण विवरण बतायें। चेकिंग करते समय यदि उपभोक्ता चेकिंग टीम के साथ फोटो लेना चाहता है, तो उसका पूर्ण सहयोग किया जाये। चेकिंग के बाद मौके पर ही जांच आख्या निर्धारित प्रारूप में आए पोर्टल पर कारपोरेशन के निर्देशों के अनुसार अपलोड कर दिया जाय। जांच के बाद यदि और कोई जानकारी लेने हेतु उपभोक्ता को पुनः बुलाना आवश्यक हो तो उसे निगमीय कार्यालय में ही बुलाएं एवं सम्पर्क का स्थान और दूरभाष नम्बर से उपभोक्ता को अवगत कराने के साथ-साथ अपने उच्च अधिकारियों का दूरभाष नम्बर भी उपभोक्ता को अवश्य उपलब्ध कराये। कृपया अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं को उनके द्वारा रखे जाने वाली सावधानियों से सूचित करने एवं चेकिंग टीम के अधिकारियों / कार्मिकों को उनके द्वारा अनुपालन किये जाने वाले निर्देशों से अवगत कराएं।

# सपा ने लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** समाजवादी पार्टी द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सेक्टर 102 स्थित भंगेल सपा कार्यालय में



धूमधाम से मनाई गई। सपा के निवर्तमान महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे व व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें सरदार पटेल के प्रेरणादायी जीवन पर सभी वक्ताओं ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर बोलते हुए राघवेंद्र दुबे ने कहा कि देश के प्रथम गृहमंत्री रहे सरदार पटेल ने आजादी के बाद पांच सौ से अधिक रियासतों का आजाद हिंदुस्तान में विलय कराकर देश की एकता अखंडता को सुद्रण किया। उन्होंने देश की एकता अखंडता के लिए आजीवन कार्य किया। बैरस्टिर की पढ़ाई करने के बाद गांधी जी से प्रभावित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और देश की स्वतंत्रता में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। हम सभी उनकी जयंती पर देश के लिए किए गए योगदान के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। इस अवसर पर व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल,पुष्पेंद्र बंसल, सौरभ जिंदल, देव दुबे , उमेश मिश्रा, सुबोध गोयल, प्रशांत गोयल, बबलू चौहान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मैहर श्रद्धा सरस्वती उ.मां.वी लखनपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में इस अवसर




पर बघेली नृत्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक, सबसे ऊंचा हमारा सरदार नृत्य, सुदामा चरित्र नाटक और निबंध प्रतियोगिताओ साथ मे नशा मुक्ति होने का संदेश लोगों को दिया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के आयोजक श्रद्धा सरस्वती उ.मा.विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र सिंह प्रचार्य मणिराज सिंह, प्रधानाचार्य पुष्पा सिंह एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सरदार पटेल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धा सरस्वती उत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र सिंह ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं व विद्यालय स्टाफ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रही सुश्री साधना पटेल अध्यक्ष नगर परिषद चित्रकूट. आकांक्षा लोधी अध्यक्ष जनपद पंचायत मैहर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे श्रीमती गीता सोनी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मैहर, संतोष सोनी सांसद प्रतिनिधि मैहर,देवदत्त सोनी सदस्य जिला पंचायत सतना, सत्यभान सिंह पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष मैहर, रितु कॉल सभापति नगर पालिका मैहर,अमृत लाल पटेल, जितेन कुशवाहा इंद्रपाल पटेल। स्कूल के सभी बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम रंगमंच में प्रस्तुत किया गया प्राची गौतम, रचना मिश्रा, अंशिका सिंह, खुशी सिंह,नैंशी शुक्ला, शिवानी पटेल, सत्येंद्र,ईश्वरदीन,अभय प्रताप,स्वाति, शिवांगी, हेमंत, अंजलि,कारण, देवांशु, अनुराग, काजल, पार्वती, शालिनी, नेहा, मांडवी, अपना-अपना नृत्य दिखाकर लोगों का मन मोह लिया लोगों को मूकदर्शक बना दिया मैं वापस आऊंगा मैं वापस आऊंगा का सॉन्ग बच्चों के द्वारा किया गया नाटक है लेकिन एक पल के लिए ऐसा लग रहा था सचमुच तिरंगे से लिपटी हुई किसी सैनिक की बॉडी आ गई हो बच्चों ने अपने अपने कला दिखाकर लोगो का मन मोहा।

# बछड़े की जान बचाकर मानवता का दिया परिचय

(आधुनिक समाचार सेवा)
**झाँसी।** सनातन धर्म में गौमाता को विशेष महत्व दिया जाता है यहां तक कि माँ का दर्जा दिया



जाता है। घर में बनने वाली पहली रोटी गाय को ही खिलाई जाती है बस यही पुण्य कर्म करने विश्व हिन्दू महासंघ एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव सर्व नगर मिशन कम्पाउण्ड स्थित मंदिर गए थे। जहां उन्होंने देखा एक गाय के बछड़े के गले में रस्सी जलधि हुई थी जिससे गहरा घाव हो गया। सौरभ ने गाय के बछड़े के गले से रस्सी अलग कर पशु चिकित्सालय पहुँचाया डॉक्टरों के प्रयास से बछड़े की जान बच गयी डॉक्टर ने बताया बछड़े की गर्दन में रस्सी की वजह से घाव हो गया था जिसमें कीड़े पड़ गये थे यदि समय पर बछड़े को इलाज ना मिलता तो जान भी जा सकती थी नियमित इलाज से बच्चा सुरक्षित है सौरभ भी नियमित रूप से बछड़े का हालचाल पूछने अस्पताल जाते रहते हैं। इस पावन कर्म में सौरभ के साथ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल झाँसी के कोषाध्यक्ष रामजी गुप्ता एवं अनुपम शुक्ला भी सम्मिलित रहे।

# जेवर कभी अपराध का गढ़ माना जाता था, आज वहां से विकास का रास्ता निकला- योगी आदित्यनाथ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1,670 करोड़ रुपए की विकास योजनाएं आम आदमी को समर्पित की हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा आप लोगों को याद होगा जेवर को अपराध का गढ़ माना जाता था। मुझे याद है, सरकार के पहले साल की जुलाई महीने की वह विभत्स घटना, जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया था। माफिया, गुंडे और दुष्कर्मी हावी थे। मैंने तभी तय कर लिया था कि इन माफियाओं और गुंडों को सबक सिखाना होगा। इन्हें जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा। इसके बाद हमने गुंडों और माफियाओं पर कड़ा प्रहार करना शुरू किया। उनके खिलाफ दृढ़ इच्छा शक्ति से आगे बढ़े। जिसका परिणाम आपने देखा है ना केवल जेवर और गौतमबुद्ध नगर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश से माफियाओं का सफाया कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि आज उसी जेवर से विकास का रास्ता होकर निकला है। जेवर में ना केवल भारत का बल्कि दुनिया का चौथा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा बन रहा है।

# मिली फिल्म की स्टार काष्ट पहुँची गलगोटिया विश्वविद्यालय





(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** फिल्म अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपनी पूरी टीम के साथ अपनी आने वाली फ़िल्म मिली का प्रमोशन करने गलगोटिया यूनिवर्सिटी पहुँची। फिल्म का टीज़र ट्रैलर विश्वविद्यालय में लॉन्च किया गया और फिल्म के गाने सुन ए मिली और तुम भी राही पर सभी कलाकार छात्रों के साथ जमकर थिरके। जाह्नवी कपूर ने छात्रों के उत्साह की तारीफ़ करते हुए कहा की आप सभी ने हमारी हर फिल्म को सराहा है उसी तरह से इस फिल्म को भी प्यार दें और मूवी देखने जरूर जाएं। अंत में सभी कलाकारों ने अपने जीवन और फिल्म से जुड़े सवालों के जवाब दिए। यह फिल्म 4 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म का निर्देशन मथुकुट्टी जेवियर ने किया है। फिल्म का निर्माण बोनी कपूर ने किया है। यह एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है जिसकी कहानी एक ऐसी लड़की के ईद गिर्द घूमती है जो फ्रीजर में फंसने के बाद जिंदा रहने के लिए लड़ रही है। फिल्म में जाह्नवी कपूर के साथ सनी कौशल और मनोज पाहवा मुख्य भूमिका में है।

# जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने किसानों का मुआवजा बढ़ाने के लिए ग्रेटर नोएडा आगमन पर किसानों के सम्मुख सीएम का किया धन्यवाद

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में आयोजित जनसभा को जेवर के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने भी संबोधित करते हुए कहा कि विगत दिनों उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के यशस्वी नेतृत्व में जेवर और पूरा




उत्तर प्रदेश तेजी से तरक्की कर रहे हैं। इस गौतमबुद्धनगर जिले में भूमि अधिग्रहण का खूनी इतिहास रहा है। जनसभा के पास में ही स्थित ग्राम घोड़ी बछेड़ा में पूर्ववर्ती सरकारों ने एक-एक इंच ज़मीन के लिए किसानों पर गोलियां चलवाई हैं। किसानों से जबरदस्ती की गई तो उन्होंने खून बहाने से भी गुरेज नहीं बरता। आज योगी आदित्यनाथ की बदौलत किसान खुद आगे बढ़कर विकास योजनाओं के लिए जमीन दे रहे हैं।ङ्गजेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने आगे कहा कि जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए हमारे किसानों ने जिस समर्पण भाव का परिचय दिया है, वह इतिहास बन गया है। किसानों का सम्मान बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी ऐतिहासिक फैसला लिया। मुख्यमंत्री ने ना केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के इतिहास में सबसे बड़ी मुआवजा वृद्धि जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से प्रभावित किसानों के लिए की है।ङ्गहम इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद करते है।

# सलमान खान की एक्ट्रेस रंभा का कनाडा में हुआ कार एक्सीडेंट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म जुड़वा में सलमान खान के साथ नजर आ चुकीं एक्ट्रेस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही हैं। कनाडा में एक्ट्रेस की लिए प्रार्थना करें। आपकी प्रार्थना बहुत मायने रखती है। इन तस्वीरों में एक रंभा ने कार और बेटी साशा की एक झलक दिखाई है। जो अस्पताल के बेड पर लेटी हुई है। ध्यान रखें..प्रार्थना और प्यार भेज रहे हैं। परिवार के साथ कनाडा में रहती हैं रंभा रंभा ने बॉलीवुड से लेकर तेलुगू, तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली और भोजपुरी





कार का एक्सीडेंट हो गया है। इसकी जानकारी खुद एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीर शेयर करके दी है। एक्ट्रेस की बेटी अस्पताल में एडमिट इस एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा है, 'स्कूल से बच्चों को पिक करने के बाद हमारी कार को दूसरी कार ने चौराहे पर टक्कर मार दी! बच्चों के साथ मैं और नैनी। हम सभी सुरक्षित हैं। मामूली चोटें आई हैं। मेरी नन्ही साशा अभी भी हॉस्पिटल में है। प्लीज हमारे उनके आसपास डॉक्टर नजर आ रहे हैं। वहींअन्य फोटो में उनकी कार नजर आ रही है, जो हादसे के बाद बुरी तरह डैमेज हो गई है।इन तस्वीरों पर फैंस और कई सेलेब्स एक्ट्रेस और उनके बच्चों के लिए जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं। साउथ एक्ट्रेस स्नेहा ने लिखा- ख्याल रखना मां। प्यार और प्रार्थना। वहीं श्रीदेवी विजयकुमार ने भी कमेंट कर लिखा- खुशी है कि आप लोग सुरक्षित हैं.. फिल्मों में काम किया है। हालांकि एक्ट्रेस ने बॉलीवुड फिल्मों में कम ही काम किया। साल 2010 में उन्होंने बिजनेसमेन इंद्रन पद्मनाथन से शादी कर ली। शादी के बाद रंभा ने बॉलीवुड को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया और पति के साथ कनाडा में शिफ्ट हो गई। एक्ट्रेस तीन बच्चों की मां हैं दो बेटियां और एक बेटा। सोशल मीडिया पर आए दिन अपनी फैमिली के साथ तस्वीरे और वीडियो शेयर करती रहती हैं।

# अक्षय की राम सेतु एक हफ्ते में ही हुई पस्त, क्या 100 करोड़ क्लब में कर पाएगी एंट्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिवाली के मौके पर रिलीज हुई अक्षय कुमार की फिल्म राम सेतु को बॉक्स ऑफिस पर अब एक हफ्ते पूरे हो चुके हैं। इन सात दिनों में फिल्म कमाई के मामले में लगातार नीचे गिरती ही जा रही है। अक्षय कुमार जैसे सुपरस्टार की ज्यादातर फिल्में 100 करोड़ क्लब में एंट्री करने के लिए जानी



जाती हैं, लेकिन राम सेतु के साथ उनका स्टारडम कुछ खास कमाल नहीं दिखा पा रहा है। सोमवार को तो फिल्म ने अब तक का सबसे कम कलेक्शन किया। लगातार घट रही राम सेतु की कमाई 25 अक्टूबर को रिलीज हुई राम सेतु दिवाली और भाई दूज जैसे बड़े फेस्टिवल का फायदा उठाने में नाकाम रही है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 15.25 करोड़ के साथ ओपनिंग की थी। इसके बाद से फिल्म की कमाई लगातार गिर रही है। वीकेंड की बात करें तो रास सेतु ने पहले शनिवार को 7.30 करोड़ कमाए थे। जबकि रविवार को कलेक्शन 7.25 करोड़ रहा। 100 करोड़ क्लब में मुश्किल है एंट्री रास सेतु की बॉक्स ऑफिस पर अब तक कि परफॉर्मेंस देख कर ट्रेड एनालिस्ट फिल्म की 100 करोड़ क्लब में एंट्री को मुश्किल बता रहे हैं। दिवाली जैसे फेस्टिवल पर रिलीज हुई राम सेतु के सामने मुकाबले में कोई बड़ी फिल्म नहीं है। फिर भी फिल्म कमाई के मामले में फिसलती जा रही है। यहां तक कि राम सेतु रिलीज के सातवें दिन भी कुछ अच्छा कलेक्शन नहीं कर पाई। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, राम सेतु ने सोमवार को सिर्फ 2.70 करोड़ रुपये कमाए। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 58.70 करोड़ पहुंच गई है। राम सेतु का अब तक का कलेक्शन,फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में है, उनके साथ जैकलीन फर्नांडिज और नुसरत भरूचा भी मुख्य किरदारों में हैं। सत्यदेव कंचरण और एम. नासिर भी फिल्म में महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। राम सेतु का डायरेक्शन अभिषेक शर्मा ने किया है, उन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है।

# कटरीना कैफ पर चढ़ा 'हैलोवीन' का नशा, दिखाया ऐसा अतरंगी स्टाइल फैंस का चकराया सिर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दुनियाभर में 31 अक्टूबर 2022 को हैलोवीन नाइट सेलिब्रेट की जा रही है। बॉलीवुड में भी स्टार्स हेलोवीन डे को पूरी तरह एन्जॉय करते हुए अलग-अलग गेटअप में नजर आ रहे हैं। हाल ही में अनन्या पांडे से लेकर आर्यन खान और जाह्नवी कपूर, सारा अली खान तक कई सितारे अलग-अलग फिल्मी लुक में नजर आए। अब 'फोन भूत' एक्ट्रेस कटरीना कैफ पर भी हेलोवीन डे का फीवर पूरी तरह से चढ़ चुका है और एक्ट्रेस हाल ही में बिलकुल अलग और अतरंगी स्टाइल में दिखीं, जिसे देखकर फैंस का भी सिर चकरा गया। आगामी फिल्म 'फोन भूत' में भूतनी का किरदार निभाने वालीं एक्ट्रेस कटरीना कैफ ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक



के बाद एक तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में बालों को कलर किए हुए पिंक टॉप और व्हाइट और ब्लैक शॉर्ट्स में कटरीना कैफ दो चोटी बनाए रेड लिपस्टिक लगाए हुए बला की खूबसूरत लग रही हैं। अपने टॉप के साथ एक्ट्रेस ने ट्रांसपेरेंट और कलरफुल झालर वाली जैकेट पहनी है। इसी के साथ उन्होंने हाथ में बैट लिया हुआ है और वह हंस रही हैं, तो वही दूसरी और तीसरी तस्वीर में कटरीना एकटक कैमरे को निहारते हुए फैंस के दिलों को पर छुरियां चला रही हैं। कटरीना कैफ का ये लुक अमेरिकन कॉमिक बुक 'हार्ले क्वीन' के किरदार से प्रेरित हैं, जो कि बैटमैन के दुश्मन जोकर की गर्लफ्रेंड है। फिल्म 'जोकर' में यह किरदार नजर आ चुका है। इसके अलावा हार्ले क्वीन के किरदार पर 'हार्ले क्वीनः बड्र्स ऑफ प्रे' फिल्म भी बन चुकी है।,

# जयदीप अहलावत ने 'पाताल लोक 2' को लेकर किया खुलासा, इस दिन से शुरू होगी शूटिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और उनके भाई कर्णेश शर्मा द्वारा निर्मित क्राइम एंड थ्रिलर वेब सीरीज पाताल लोक के दूसरे सीजन को लेकर काफी बज बना हुआ है। सीरीज के पहले सीजन के रिलीज हाथीराम चौधरी का किरदार निभाने वाले अभिनेता जयदीप अहलावत ने कहा, अभी चार साढ़े चार महीने पाताल लोक सीजन 2 की शूटिंग में व्यस्त रहूंगा। पाताल लोक के दूसरे सीजन को काफी खूबसूरती से लिखा गया है और मैं इसको




होने के बाद से ही फैंस दूसरे सीजन की मांग कर रहे थे। अब पाताल लोक के दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे है फैंस के लिए खुशखबरी आ रही है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि पाताल लोक 2 की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। अंग्रेजी समाचार वेबसाइट पिंकविला की खबर के अनुसार, वेब सीरीज में उतनी ही ईमानदारी-खूबसूरती से दर्शकों के सामने पेश करने की पूरी कोशिश करूंगा।जानकारी के अनुसार, जयदीप इन दिनों सुजॉय घोष की फिल्म द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद नवंबर में पाताल लोक 2 की शूटिंग शुरू करें। बता दें कि कुछ दिनों पहले जानकारी आई थी कि जयदीप ने 'पाताल लोक 2' के लिए लगभग 20 करोड़ रुपए बतौर फीस वसूली है, जबकि जयदीप अहलावत को 'पाताल लोक' सीजन 1 में हाथीराम के रोल के लिए 40 लाख रुपये फीस दी गई थी लेकिन, सीजन 2 के लिए उन्हें 20 करोड़ रुपये का बड़ा अमाउंट दिया गया है। वहीं, पाताल लोक की कहानी एक पुलिस वाले के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली के जमुनानगर स्थित थाने में पोस्टेड होता है। गैंग्स ऑफ वासेपुर, कमांडोः ए वन मैन आर्मी, राजी जैसी फिल्मों से लोगों के दिल में जगह बनाने वाले अभिनेता जयदीप अहलावत जल्द ही आयुष्मान खुराना की फिल्म ए एक्शन हीरो में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वो मुख्य विलेन की भूमिका में दिखाई देंगे, जबकि एक्टर आयुष्मान खुराना लीड रोल में स्क्रीन पर दिखाई देंगे। अनिरुद्ध अय्यर द्वारा निर्देशित ये फिल्म दिसंबर के महीने में सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

# गौतम कार्तिक ने मंजिमा मोहन के साथ शेयर की रोमांटिक तस्वीरें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** तमिल सिनेमा के मशहूर एक्टर और लोकप्रिय अभिनेता कार्तिक के बेटे गौतम कार्तिक ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी खुशी फैंस के साथ शेयर करते हुए बताया कि वह अभिनेत्री मंजिमा मोहन के साथ



अपनी जिंदगी का एक नया सफर शुरू करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे। गौतम ने एक्ट्रेस के साथ अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर की। दोनों की इन तस्वीरों पर फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। फोटोज में गौतम और मंजिमा के बीच का प्यार साफ-साफ छलक रहा है। इस वीडियो को शेयर करने के साथ ही गौतम ने मंजिमा के लिए एक प्यार भरा नोट भी लिखा। गौतम कार्तिक ने कुछ समय पहले ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मंजिमा के साथ कई तस्वीरें शेयर की। इन तस्वीरों के साथ एक्टर ने एक बड़ा सा कैप्शन लिखा। उन्होंने कहा, 'क्या होता है जब एक सही इंसान आपकी जिंदगी में आ जाए? कई लोग ये कहेंगे कि जब ऐसा इंसान आपकी आंखों के सामने होता है तो आप प्यार से भर जाते हैं, आपके पेट में तितलियां उड़ने लगती हैं। आपका दिल खुशी से झूम उठता है। मंजिमा मोहन हम दोनों का सफर निश्चित रूप से अलग था। हम दोनों हमेशा प्रैंक करते थे, छोटी-छोटी चीजों पर बहस करते थे। यहां तक कि हमारी बहस के बीच हमारे दोस्त भी नहीं आ सकते थे'। गौतम कार्तिक ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा, 'लेकिन एक चीज मैं जानता था, तुम हम दोनों के बीच एक खूबसूरत बॉन्ड क्रिएट कर रही थी। मैंने इस बॉन्ड को दोस्ती का नाम देने का निर्णय लिया पहले, लेकिन ये उससे ज्यादा स्ट्रांग था। ये समय के साथ बढ़ रहा था इसलिए मैंने इसे फिर बेस्ट फ्रेंड का नाम दिया। लेकिन ये उससे भी ज्यादा मजबूत था। आप इसे रोजाना खूबसूरत बनाते गए और ये दिन ब दिन और भी मजबूत होता गया। तुमने मुझे एक मजबूत इंसान बनाया, हर दिन के साथ इतना मजबूत बनाया जितना मैं यकीन भी नहीं कर सकता था कि मैं हूं। तुम मेरे बुरे दौर में भी मेरे साथ खड़ी रही और कभी भी मेरे ऊपर अपना विश्वास नहीं डगमगाने दिया'।

# मालती के बिना भारत लौटी प्रियंका चोपड़ा, यूजर बोले- बेटी कहा है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा (ईर्ब्ह्रिं ण्प्दर्जे) आखिरकार अपनी जमीन अपने देश भारत लौट आई हैं। पूरे 3 साल बाद प्रियंका चोपड़ा दौरान वह ऑल डेनिम लुक में नजर आई। हालांकि इस दौरान प्रियंका चोपड़ा अकेले नजर आई। उनकी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस इस दौरान नजर नहीं आई। कयास के जरिए दी थी। इस कपल ने साल 2018 में जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस में रॉयल शादी की थी। शादी के बाद एक्ट्रेस पति निक संग अमेरिका में शिफ्ट हो चुकी है।पिंकविला' की रिपोर्ट





इंडिया आई है। बीते दिन एक्ट्रेस ने इंस्टा स्टोरी पर अपने बोर्डिंग पास की झलक दिखाई थी। इस फोटो के कैप्शन में पीसी ने लिखा था आखिरकारष्ठघर जा रही हूं। करीब 3 साल बाद। वहीं देर रात एक्ट्रेस अपनी टीम के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंची। इस दौरान पूरा मीडिया प्रियंका चोपड़ा को कवर करने पहुंचा हुआ था। पीसी जैसे ही एयरपोर्ट बाहर आई वैसे ही उन्हें देखकर पैपराजी जोर जोर से पीसी पीसी चिल्लाने लगे। इस लगाए जा रहे थे कि एक्ट्रेस अपनी लाडली बेटी संग भारत लौट रही हैं। हालांकि, बेटी को लेकर एक्ट्रेस ने कोई फोटो शेयर नहीं की है लेकिन पूरे पूरे कयास लगाए जा रहे थे कि प्रियंका के साथ उनकी 9 महीने की बेटी भी मम्मी के साथ पहली बार इंडिया आ रही हैं। लेकिन, अब कहा जा रहा है प्रियंका अकेली ही भारत आई है। इसी साल जनवरी में प्रियंका और निक सरोगेसी के जरिए पेरेंट्स बने थे। इस बात की जानकारी खुद कपल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के मुताबिक, प्रियंका चोपड़ा जाने माने डायरेक्टर संजय लीला भंसाली और विशाल भारद्वाज से मुलाकात करेंगी। प्रियंका चोपड़ा इन डायरेक्टर के साथ किसी प्रोजेक्ट्स पर काम करती नजर आ सकती हैं। गौरतलब है कि प्रियंका चोपड़ा डायरेक्टर फरहान अख्तर की फिल्म 'जी ले जरा' में कटरीना कैफ और आलिया भट्ट के साथ काम करती दिखाई देंगी। कहा तो यह भी जा रहा है कि वह इस फिल्म की तैयारी के लिए इंडिया आई हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पा रही 'थैंक गॉड', 7वें दिन रही सबसे बुरी हालत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इस दिवाली रिलीज हुई अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'थैंक गॉड' लोगों पर अपना जादू चला पाने में नाकामयाब रही है। दिवाली के दूसरे दिन सिनेमाघरों में आई इस फिल्म के फेस्टिव सीजन में चलने की उम्मीद थी। लेकिन जिस तरह से इसकी कमाई की रफ्तार है, उसे देखकर यह कह पाना मुशकिल है कि यह अगले एक हफ्ते में 40-50 करोड़ भी कमा सकती है। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म की ओपनिंग भी एवरेज थी। पिछले छह दिनों में फिल्म की कमाई औसत रही। भले ही 'थैंक गॉड' कॉमेडी से भरी हुई है, लेकिन टिकट विंडो पर अब भी दर्शकों के लिए तरस रही है। 'थैंक



गॉड' को न तो दिवाली का फायदा मिला और न ही वीकेंड का। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 8.1 करोड़ की कमाई की थी। पहले दिन ठीक-ठाक कमाई के बाद ही इसका डाउनफॉल शुरू हो गया। अजय देवगन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुल प्रीत सिंह जैसे दिग्गज कलाकारों के अभिनय से सजी होने के बाद भी यह फिल्म ऑडियंस को सिनेमाघरों तक नहीं खींच पा रही है। इंद्र कुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म 70 करोड़ के बजट पर बनी है। लेकिन अगर फिल्म के कलेक्शन को देखें, तो लग रहा है कि कुल 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर पाना भी मुश्किल है। शुरुआती आंकड़ों की मानें, तो अजय देवगन की फिल्म 'थैंक गॉड' ने रिलीज के सातवें दिन तक यानी कि सोमवार को दो करोड़ का कलेक्शन किया (यह शुरुआती आंकड़े हैं)।

# विराट कोहली से होटल क्राउन पर्थ ने मांगी माफी कर्मचारी को किया बर्खास्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप 2022 में भाग लेने पहुंची हुई है। हाल ही भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के कमरे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिसको होटल में मौजूद स्टाफ ने बिना अनुमति



के रूम में जाकर वीडियो बना लिया था। जिस पर बॉलीवुड सेलेब्स सहित तमाम बड़ी हस्तियों ने आपत्ति दर्ज कराई थी। इस वाकया के बाद अब पर्थ स्थित होटल क्राउन पर्थ ने आधिकारिक बयान जारी कर माफी मांगते है और बताया है कि इस कृत्य के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। होटल ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रेस विज्ञप्ति द्वारा बयान जारी कर होटल के कमरे में कोहली की बिना अनुमति के एंट्री करने पर माफी मांगी और आगे से ऐसा न करने का आश्वासन भी दिया है। हमने अपने बयान में लिखा, हम क्राउन पर्थ में एक कॉन्टैक्ट और एक अतिथि की प्राइवेसी से जुड़ी घटना से अवगत हैं।हमारे मेहमानों की सुरक्षा और प्राइवेसी हमारी पहली जिम्मेदारी है और हम इस घटना से निराश हैं। हम इसमें शामिल गेस्ट से बिना शर्त माफी मांगते हैं और ये सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाना जारी रखेंगे कि ये एक घटना फिर से ना हो। विज्ञप्ति में होटल ने आगे लिखा, हमने इस घटना में शामिल व्यक्तियों को नौकरी से निकाल दिया है और अभी-भी जांच की जा रही है। साथ ही उस मूल वीडियो को भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से डिलीट करवा दिया गया है। हम भारतीय क्रिकेट बोर्ड और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से भी माफी मांगते हैं और उनके साथ भी जांच में सहयोग कर रहे हैं।

# बिना मेकअप ऐसी दिखती हैं नुसरत जहां, एमपी एक्ट्रेस ने तस्वीरों के साथ दिया खूबसूरत संदेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आम तौर पर सोशल मीडिया में फॉलोअर्स और यूजर्स को अपने चहेते कलाकारों या सेलिब्रिटीज की मेकअप वाली तस्वीरें देखने की आदत होती है।



बहुत कम सेलेब ऐसे हैं, जो मेकअप की परतें हटाकर भी अपना असली चेहरा सोशल मीडिया में बिना किसी हिचक के दिखाते हैं। टीएमसी की एमपी और लोकप्रिय एक्ट्रेस नुसरत जहां ऐसे ही सेलेब्स की लिस्ट में आती हैं। निजी जिंदगी में चौंकाने वाले फैसले लेने के लिए मशहूर अदाकारा ने पहली बार बिना मेकअप वाली तस्वीरें सोशल मीडिया में शेयर कीं और इसके साथ एक स्ट्रॉन्ग मैसेज भी दिया। नुसरत ने लिखा- अपूर्णता को स्वीकार करते हुए। हम सिर्फ इंसान हैं। इसके साथ नुसरत ने नो मेकअप और लव योरसेल्फ जैसे हैशटैग भी लिखे हैं। नुसरत की इन तस्वीरों पर कई फैंस ने कमेंट भी किये हैं और पसंद किया है। नुसरत जहां सोशल मीडिया में काफी एक्टिव हैं। इंस्टाग्राम पर वो जमकर फोटो शेयर करती हैं। कभी साड़ी, कभी सूट तो कभी पश्चिमी लिबास में नुसरत काफी आकर्षक दिखती हैं। नुसरत बंगाली सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कई बड़े एक्टर्स के साथ काम किया है। 2011 में नुसरत ने शोत्रु नाम की फिल्म से फिल्म डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके हीरो जीत थे। इस साल नुसरत स्वास्तिक संकेत में नजर आयी थीं, जो जनवरी में रिलीज हुई थी।

# ऐश्वर्या राय बच्चन देवदास से पीएस-1 तक इन फिल्मों के लिए पहली चॉइस नहीं थीं ऐश्वर्या

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऐश्वर्या राय बच्चन बॉलीवुड की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में से एक हैं। मिस वर्ल्ड रह चुकीं ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपने करियर



में कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। अपनी खूबसूरती के साथ-साथ अपने अभिनय से भी एक्ट्रेस ने हमेशा फैंस क दिलों को जीता है। लेकिन क्या आपको पता है कि ऐश्वर्या कई ऐसी बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं, जिनमें वह उस फिल्म की अभिनेत्री के रूप में पहली पसंद नहीं थीं, लेकिन जब वह किरदार उनके पास आया तो एक्ट्रेस ने उन्हें ऐसे निभाया कि आज के समय में वह फिल्में हिंदी सिनेमा के यादगार फिल्मों में शामिल हो चुकी हैं। एक्ट्रेस के 49वें जन्मदिन पर हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके लिए ऐश्वर्या पहली चॉइस नहीं थी, लेकिन जब वह फिल्म में आई तो फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई। शाह रुख खान, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित स्टारर फिल्म 'देवदास' बॉलीवुड की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में ऐश्वर्या ने पारो का किरदार निभाया था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐश्वर्या इस किरदार के लिए पहली चॉइस नहीं थीं। दरअसल संजय लीला भंसाली पारो के किरदार में करीना को कास्ट करना चाहते थे। इस कैरेक्टर के लिए उन्होंने स्क्रीन टेस्ट भी दिया था और वह लगभग फाइनल भी हो गई थीं, लेकिन संजय लीला भंसाली ने बिना बताए ही करीना को रिप्लेस कर फिल्म में ऐश्वर्या को पारो के किरदार में कास्ट किया और ये फिल्म तो सुपरहिट हुई ही, लेकिन इसी के साथ पारो का किरदार भी यादगार बन गया। ऐश्वर्या राय ने करीना को सिर्फ देवदास में शाह रुख के अपोजिट ही नहीं, बल्कि हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के अपोजिट 'नंदिनी' के किरदार में भी रिप्लेस किया। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो संजय लीला भंसाली इस फिल्म में करीना को सलमान खान के अपोजिट कास्ट करना चाहते थे, लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो एक्ट्रेस ने एज डिफरेंस की वजह से और विदेश में आगे की पढ़ाई का हवाला देते हुए ये फिल्म छोड़ दी। मणि रत्नम की ब्लॉकबस्टर फिल्म पोन्नियिन सेल्वन 1 ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की। इस फिल्म में उन्होंने रानी नंदिनी का किरदार निभाया। फिल्म में उनके किरदार को काफी पसंद किया गया, लेकिन ये बात शायद ही आप जानते होंगे कि ऐश्वर्या राय नहीं बल्कि रेखा 'नंदिनी' के किरदार के लिए पहली चॉइस थी और इस बात का खुलासा मणि रत्नम ने खुद अपने एक इंटरव्यू में किया था। मणि रत्नम ने बताया था कि वह 80 के दशक में ये फिल्म एवरग्रीन स्टार रेखा के साथ बनाना चाहते थे, लेकिन उस वक्त बात नहीं बन सकी। उमराव जान भले ही बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल न कर सकी हो, लेकिन जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी इस फिल्म में ऐश्वर्या राय के लुक ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं।

**स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।**
**सम्पादक/प्रकाशक**
**डा0 पुनीत अरोरा**
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः-** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।